हरिभूमि
रायपुर भूमि



■ तेलीबांधा के साथ शारदा चौक पर ट्रैफिक वार्डन तैनात किए गए

■ तेलीबांधा में तीन माह में 51 सड़क हादसों में सात की मौत

# तीन प्रमुख चौराहों का यातायात कंट्रोल ट्रैफिक वार्डन कर रहे, 25 में से 16 की ड्यूटी तेलीबांधा में

### एक माह रीव्यू करने के बाद नियुक्ति

ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर के अनुसार अभी जिन चौराहों पर ट्रैफिक वार्डन नियुक्त किए गए हैं, उन चौराहों का एक माह बाद रीव्यू किया जाएगा। इसके बाद शहर के अन्य व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक वार्डन की नियुक्ति की जाएगी। ट्रैफिक वार्डन की नियुक्ति होने से ट्रैफिक पुलिस के जवानों की अन्य संवेदनशील स्थानों पर ड्यूटी लगाई जा रही है।

### औसतन हर माह दो मौतें

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में जनवरी से मार्च के बीच 51 एक्सीडेंट हुए हैं। एक्सीडेंट में सात लोगों की मौतें हुई हैं। इस वजह से तेलीबांधा क्षेत्र में 16 ट्रैफिक वार्डन की ड्यूटी लगाई गई है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार वार्डन नियुक्ति के बाद रिजल्ट बेहतर आने पर इसे आगे भी जारी रखा जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के साथ एक्सीडेंट पर अंकुश लगाने आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने फौरी तौर पर 25 ट्रैफिक वार्डन की नियक्ति की है। नियुक्त ट्रैफिक वार्डन में से 16 की ड्यूटी तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड से लेकर मरीन ड्राइव के बीच लगाई गई है। इसकी वजह इस व्यस्त मार्ग पर आए दिन लगने वाले जाम के साथ एक्सीडेंट पर अंकुश लगाना है।

गुजरात की तर्ज पर राजधानी में ट्रैफिक कंट्रोल करने ट्रैफिक वार्डन बनाने का निर्णय लिया गया है। जो ट्रैफिक वार्डन नियुक्त किए गए हैं, उन्हें कलेक्टर दर पर मानदेय मिलेगा। नियुक्त वार्डन को ट्रैफिक पुलिस ने वर्दी दी है। ट्रैफिक वार्डन का काम ट्रैफिक कंट्रोल करने का रहेगा। मोटर व्हिकल एक्ट की ⏭ शेष पेज 11 पर

### शारदा चौक के साथ पंडरी में वार्डन

पंडरी क्षेत्र के अवंति बाई चौक से लेकर कैनाल रोड तिराहा के पास वाहन चालक लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए बेतरतीब तरीके से वाहन पार्क करते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए पंडरी में पांच ट्रैफिक वार्डन की नियुक्ति की गई है। इसी तरह से शारदा चौक पर दोपहिया के साथ चारपहिया वाहन का दबाव रहता है। इस वजह से इस चौक पर चार ट्रैफिक वार्डन तैनात किए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### देशी कट्टा और कारतूस जब्त, बदमाश धरा गया

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने धरसींवा के एक बदमाश के कब्जे से देशी कट्टा के साथ चार जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। गिरफ्तार युवक के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने शुभम कुमार वर्मा उर्फ राकेश के कब्जे से कट्टा और कारतूस जब्त किया गया है। बाजार चौक के पास शुभम अपनी कमर के पास कट्टा खोंस कर ले जा रहा था। संदेह होने पर पुलिस ने जांच की तो शुभम की पैंट से कट्टा तथा कारतूस मिले।

### आठ साल से फरार चोरी मामले का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने आठ वर्ष से फरार चल रहे नकबजनी के आरोपी राकेश मोंगराज उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया है। राकेश के खिलाफ प्रदीप सोनकर ने 14 सितंबर 2018 को चोरी की



शिकायत दर्ज कराई थी। प्रदीप ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह दोस्तों के साथ फल बेचने के लिए वाल्टेयर गेट गया था। रात्रि में सभी दोस्त रूम में खाना खाकर सो गए। दूसरे दिन कमरे का शटर टूटा हुआ मिला। राकेश और उसके अन्य साथी प्रदीप और उसके साथियों के कैश सात हजार रुपए सहित 60 हजार रुपए मोबाइल चोरी कर ले गए थे। चोरी के आरोप में पुलिस ने पूर्व में ही राकेश के साथी अनिल नाग और विनोद दास मानिकपुरी को गिरफ्तार कर चुकी है।

### क्रेडिट कार्ड बनाने का झांसा सीएएफ जवान को ठगा

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक युवक ने अज्ञात के खिलाफ क्रेडिट कार्ड बनाने के नाम पर साढ़े पांच हजार रुपए ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजभवन में तैनात सीएएफ के आरक्षक किशोर कुमार ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। किशोर ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके पास कॉल कर क्रेडिट कार्ड बनाने के नाम पर ओटीपी हासिल कर ठगी की है।

अन्य जिलों में जिम्मेदारों पर कार्रवाई, लेकिन राजधानी में सिर्फ सवाल-जवाब

# राजधानी के पांच स्कूल ऐसे, जहां उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या दहाई में भी नहीं

*यहां अर्द्धवार्षिक के परिणाम भी रहे थे खराब किया गया नजरअंदाज*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

दसवीं कक्षा में राजधानी रायपुर के परीक्षा परिणामों ने सभी को चौंका दिया है। तमाम सुविधाएं होने के बाद भी यहां उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के बाद सबसे कम है। जिला स्तर पर जिला शिक्षा कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय द्वारा समीक्षा बैठक ली जा रही है। इन बैठकों में जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, वे चौंकाने वाले हैं। दसवीं कक्षा में पांच विद्यालय ऐसे हैं, जहां उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सकी है। अर्थात यहां 10 से भी कम छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। आश्चर्य की बात ⏭ शेष पेज 11 पर

### जितने शिक्षक उतने छात्र भी उत्तीर्ण नहीं कर सके परीक्षा



दसवीं के इन स्कूलों का बंटाधार

### तैयारियों में नहीं दिखी गंभीरता

इस बार अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद प्री बोर्ड के अलावा टेस्ट पेपर भी रखे गए थे। इनका उद्देश्य छात्रों की तैयारियों की मॉनिटरिंग करना और इसके मुताबिक वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी करना था, लेकिन स्कूलों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। जिन स्कूलों के परिणाम वार्षिक परीक्षा में कमजोर रहे हैं, वहां के नतीजे अर्द्धवार्षिक में भी विशेष उल्लेखनीय नहीं रहे थे। इसके बाद भी छात्रों के ⏭ शेष पेज 11 पर

दहाई से कम उत्तीर्ण संख्या वाले विद्यालयों सहित 62 शालाओं को खराब परिणाम वाली सूची में रखा गया है। इनमें बजरंगदास उमावि 24%, शाउमावि अमेरी 27%, शाउमावि भैंसा 27%, शासकीय प्यारेलाल यादव उमावि 28%, शाउमावि सुंदरकेरा 28%, शाउमावि परसुलिडीह 30%, शाउमावि गिरौद 30%, शासकीय नगर निगम नवीन सरस्वती कन्या शाला पुरानी बस्ती 31%, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम विद्यालय शांतिनगर 31%, शासकीय नगर निगम सरस्वती कन्या शाला नयापारा 32%, शाउमावि खोला 35%, शाउमावि चापाझर 37%, शाउमावि बरौंदा 37%, शाउमावि बेलदार सिओनी 37%, शशिबाला उत्कृष्ट विद्यालय गुढ़ियारी 37%, शाउमावि गुल्लु 39%, शाउमावि संजय नगर 39%, शाउमावि खोखो पारा 41%, शाउमावि थेलकाबंधा 41%, अंततराम बर्छिहा उत्कृष्ट विद्यालय चंद्रखुरी 41%, शाउमावि तंडवा 42%, गैंदराम वर्मा शाउमावि नरदहा 42%, शाउमावि बाहेसर 42%, ⏭ शेष पेज 11 पर

# एक लाख में बेची लड़की, महिला गिरफ्तार, दंपति अब भी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा सार्वजनिक जगहों पर अकेली घूमने वाली गरीब लड़कियों को शादी करने तथा सुनहरे भविष्य का सपना दिखाकर खरीद फरोख्त करने वाले गैंग की एक महिला को गुढ़ियारी पुलिस ने मध्यप्रदेश, छतरपुर से गिरफ्तार किया है। गिरोह में शामिल एक दंपति की पुलिस पतासाजी कर रही है। पुलिस के अनुसार लड़कियों की खरीदी-बिक्री करने वाले गिरोह के सभी लोगों के पकड़े जाने के बाद पता चलेगा कि इन लोगों ने रायपुर तथा अन्य जिलों की कितनी लड़कियों को कहां-कहां बेचा है। लड़की खरीदी-बिक्री करने वाले गैंग के एक व्यक्ति को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है।

पुलिस ने मानव तस्करी करने के आरोप में सुषमा पटेल को गिरफ्तार किया है। किशोरी को खरीदकर उसे जबरन अपनी पत्नी बनाकर रेप करने के आरोप में बाबूलाल उर्फ बबलू अहिरवार की एक माह पूर्व एक अप्रैल को गिरफ्तारी हो चुकी है। किशोरी ने ⏭ शेष पेज 11 पर

### रैकेट में शामिल एक महिला तथा एक पुरुष को पुलिस ने मध्यप्रदेश से किया गिरफ्तार



■ गुढ़ियारी थाना क्षेत्र से तीन माह पूर्व किशोरी को शादी करने का झांसा देकर युवक ने किसी दूसरे को बेच दिया था

### राजेश का छग कनेक्शन

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक राजेश की पत्नी लक्ष्मी छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। पत्नी के छत्तीसगढ़ की होने की वजह से राजेश का यहां आना-जाना लगा रहता था। इस दौरान राजेश का मानव तस्करी करने वाले गैंग से संपर्क हुआ और वह गरीब तबके की लड़कियों को बहला फुसलाकर बेचने का काम करने लगा।

### मामले का ऐसे हुआ खुलासा

शादी करने का झांसा देकर राजेश किशोरी को 21 फरवरी को अपने साथ बालाघाट ले गया। इसके बाद उसकी पत्नी लक्ष्मी ने सुषमा के माध्यम से एक लाख रुपए में लड़की को बेचने का सौदा कर बाबूलाल को सौंप दिया। अपने बेचे जाने की जानकारी मिलने पर किशोरी ने 21 मार्च को अपने भाई को कॉल कर अपने बेचे जाने और रेप होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस की एक टीम छतरपुर पहुंची और 15 दिन बाद किशोरी को रेस्क्यू कर बाबूलाल को गिरफ्तार किया। राजेश और उसकी पत्नी गुढ़ियारी तथा खमतराई थाना क्षेत्र में मकान किराए पर लेकर रहते थे। राजेश अपने आपको फैक्ट्री तथा अन्य जगहों में लेबर सप्लाई करने का काम करना बताता था। मजदूर ढूंढने की आड़ में राजेश निचली बस्तियों के साथ रेलवे स्टेशन के आसपास बेसहरा लड़कियों को ढूंढने का काम करता था।




संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा कल 28 केंद्रों में

# अंतिम 30 मिनट में बाथरूम नहीं जा सकेंगे परीक्षार्थी एक साथ दो कैंडिडेट्स को नहीं मिलेगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन कल होगा। इसके लिए जिले में 28 केंद्र बनाए गए हैं। सुरक्षा जांच सहित अन्य चीजों को लेकर कड़ाई बरतने के साथ ही परीक्षार्थियों के प्रसाधन प्रयोग को लेकर भी नियम निर्धारित किए गए हैं। परीक्षार्थी अंतिम ⏭ शेष पेज 11 पर

■ एग्जाम सेंटर के 500 मीटर के दायरे में सभी ध्वनि विस्तारक यंत्र प्रतिबंधित



### 24 घंटे पहले लगाए जाएंगे जैमर

रायपुर के जिन 28 केंद्रों में परीक्षा आयोजित होगी, वहां 24 घंटे पहले जैमर लगाए जाएंगे। अभ्यर्थियों से कहा गया है कि वे दोनों पालियों में परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले केंद्र पहुंच जाएं। अभ्यर्थी पानी की पारदर्शी बोतल ला सकते हैं। उस पर किसी भी प्रकार का स्टीकर नहीं होना चाहिए।

### ई-एडमिट कार्ड मान्य नहीं

मोबाइल पर ई-एडमिट कार्ड की तस्वीर दिखाने से परीक्षा केंद्र में एंट्री नहीं मिलेगी। अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रवेशपत्र की छायाप्रति अनिवार्य रूप से लानी होगी। कैंडिडेट्स को वही फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, जो उनके परीक्षा फॉर्म में दर्ज है। मोबाइल एप पर जानकारी भरते समय सतर्क रहने, निरीक्षण के दौरान मोबाइल केंद्राध्यक्ष के पास जमा करने, परीक्षा संबंधित घोषणाएं पब्लिक एनाउंस्मेंट सिस्टम के माध्यम से अभ्यर्थियों एवं उनके पालकों तक पहुंचाने सहित अन्य दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### अटल विहार कॉलोनी में पेयजल और बिजली संकट

**आरंग।** अटल विहार कालोनी आरंग में सालों से विद्युत तथा जल समस्या निरंतर बनी रहती है, जिससे रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त समस्या के निराकरण के लिए संबंधितों को जानकारी देने के बाद भी उचित व्यवस्था नहीं हो पाया। उक्त स्थिति को देखते हुए कालोनी के अध्यक्ष संजय चन्द्राकर ने सुशासन तिहार समस्या समाधान शिविर आरंग में कालोनी में पेयजल की उचित व्यवस्था एवं नवीन ट्रांसफार्मर की व्यवस्था का आवेदन प्रेषित किया।

### संविदा कर्मचारियों ने नियमितीकरण के लिए सांसद को ज्ञापन सौपा

**आरंग।** पीएम श्री अरुंधती देवी उत्कृष्ट स्कूल (सेजेस) आरंग के संविदा कर्मचारियों ने नियमितीकरण एवं वेतन वृध्दि । इस अवसर पर सेजेस कर्मचारी संघ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आकाश विश्वास, रायपुर जिला उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, ब्लॉक प्रतिनिधि मयंक लूणिया, विद्यालय प्रभारी शिनिबिनु मैथ्यू, युवराज मिश्रा, कनकलता वर्मा, गौरीशंकर शुक्ला आदि समस्त संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने धैर्यपूर्वक नियमितीकरण एवं वेतन वृद्धि की मांगों को सुना एवं विचार करने आश्वासन दिया।

### जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज के तत्वावधान मे प्रदेशस्तरीय जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन 24 मई शनिवार को अभनपुर के मंडी प्रांगण मे रखा गया है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि छ.ग. शासन स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कलार समाज युवराज सिन्हा, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष योग आयोग रूपनारायण सिन्हा, विधायक बालोद संगीता सिन्हा, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक अभनपुर इन्द्रकुमार साहू, अपेक्स बैक पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज सहित नगर पालिका के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### आरंग को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की

**आरंग।** शुक्रवार को आरंग के आत्मानंद स्कूल में आयोजित सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल ने दर्जन भर मांग पत्र सौंपे हैं। जिसमें सांसद बृजमोहन अग्रवाल को राजा मोरध्वज की कहानी को स्कूली बच्चों के पाठ्यक्रम में शामिल कराने की मांग की। आरंग को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, वहीं विधायक गुरु खुशवंत साहेब को आरंग के महाविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास का विभाग संचालित कराने, राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव 2025 का आयोजन कराने, रायपुर दूरदर्शन में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रमों को प्राथमिकता से प्रसारित करने, विद्युत विभाग को सुरक्षा निधि राशि को सुगमता से तत्काल वापस करने और मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी को बरसात पूर्व नालियों की साफ-सफाई कराने की मांग पत्र सौंपे हैं।

### शिक्षक कल्याण संघ ने सरकार से की मांग युक्ति युक्तकरण प्रक्रिया तत्काल रद्द हो

**आरंग।** युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूर्णतः अव्यावहारिक है, जिसके चलते शिक्षा व्यवस्था चौपट हो जाएगी। शिक्षा विभाग के इस निर्णय से जहां सैकड़ों स्कूल बंद होने के साथ शिक्षकों के हजारों पद समाप्त हो जाएंगे। वहीं नौकरी नहीं मिलने से शिक्षित युवा बेरोजगारों में घोर निराशा है। एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में शिक्षक कल्याण संघ आरंग प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान, हेमन्त चंद्राकर, नेमेश्वर साहू, टीकाराम साहू, हीरामणि साहू, तुमेंद्र कोटरे, जगजीवन जांगड़े, रोमेश चंद्राकर आदि ने प्रदेश सरकार से क्रमोन्नति हेतु जनरल आदेश जारी करने, प्रथम नियुक्ति को आधार मानकर पुरानी पेंशन लागू करने, व्याख्याता प्रमोशन में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने व विसंगतिपूर्ण युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया को तत्काल रद्द करने का आग्रह किया है।

# शिवलिंग में दिखी चमत्कारी आकृति, मटिया में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

धरसींवा विकासखंड के ग्राम मटिया स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने पुरातात्विक शिव मंदिर की जर्जर हालत के बावजूद, यहां के भक्तों की आस्था में कोई कमी नहीं है। आज सुबह इस प्राचीन और जीर्ण-शीर्ण मंदिर में एक ऐसी अद्भुत घटना घटी है, जिसने पूरे क्षेत्र में भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और विश्वास के एक नए ज्वार को जन्म दे दिया है। इस सदियों पुराने मंदिर में स्थापित शिवलिंग, जिसकी ग्रामीण पीढ़ियों से पूजा करते आ रहे हैं और जिस पर अब तक किसी प्रकार की कोई आकृति नहीं देखी गई थी, अचानक एक मुस्कुराते हुए मानवीय चेहरे की स्पष्ट आकृति उभर आई है। यह दृश्य इतना विस्मयकारी है। जिसने भी देखा वह नतमस्तक हो गया। आज सुबह जब कुछ ग्रामीण नित्य पूजा के लिए इस जर्जर मंदिर में पहुंचे, तो उनकी आंखें शिवलिंग पर उभरी इस अलौकिक आकृति को देखकर अचंभित हो गया । मानो स्वयं भोलेनाथ अपने भक्तों को इस जर्जरता के बीच भी दर्शन देकर मुस्कुरा रहे हों।





#### गांव में फैला आस्था का जन सैलाब

जैसे ही यह खबर गांव में फैली, देखते ही देखते मंदिर परिसर में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। दूर-दराज के गांवों से भी लोग इस चमत्कारिक दृश्य को अपनी आंखों से देखने और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भागे चले आ रहे हैं। मंदिर की जर्जर दीवारों और टूटी हुई छत के बावजूद, भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। लोगों के चेहरों पर भक्ति और आश्चर्य का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। ग्रामीण इसे भगवान शिव का साक्षात चमत्कार मान रहे हैं। उनका कहना है कि इस जर्जर मंदिर में इस तरह की अलौकिक घटना का होना, भगवान की असीम कृपा का प्रतीक है। सरपंच प्रतिनिधि भीम वर्मा ने बताया कि यह मंदिर काफी पुरानी है और लगभग 1870 के आसपास की है। मंदिर परिसर में हर हर महादेव के जय कारा गूंज रहे हैं और भजन-कीर्तन का दौर अनवरत जारी है।

## मजबूरी : परेशान लोगों ने घरों की दीवार पर लिखे चौंकाने वाले संदेश

# 'मेरे मकान के पीछे मिलता है गांजा घर के सामने वाहन न खड़ा करें'

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

ब्लॉक मुख्यालय धरसींवा से सटे कुरूद सिलयारी ग्राम पंचायत में इन दिनों खुलेआम गांजा और शराब की बिक्री के साथ-साथ सट्टे का कारोबार भी पूरे गांव को नशे और जुए के दलदल में धकेल रहा है। दस हजार की आबादी वाला यह गांव, जो कभी अपनी शांति के लिए जाना जाता था, आज नशेड़ियों और सट्टे का अड्डा बन चुका है। स्थिति इतनी विकराल हो चुकीं है कि मोहल्ले वासियों ने अपनी बेबसी और गुस्से का इजहार करने के लिए अपने घरों की दीवारों पर ही मेरे मकान के पीछे मिलता है गांजा और मेरे घर के सामने वाहन खड़ी न करें। जैसे चौंकाने वाले संदेश लिख दिए हैं।

कुरूद-सिलयारी जो आसपास के 20गांवों को जोड़ता है और जहां लोग बाजार के लिए भी आते हैं। सरकार द्वारा हाई स्कूल, अस्पताल और पुलिस चौकी जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा यहां रेलवे स्टेशन भी है, जो इसकी महत्ता को और बढ़ाता है। कभी शांत प्रिय रहा यह गांव, आज नशे,अवैध शराब व सट्टे के अवैध कारोबार की गिरफ्त में है।

#### कई बार की शिकायत

अवैध शराब की शिकायत कई बार किये है और गांजा बिकने की मुझे जानकारी आज ही हुई है इसकी शिकायत पंचायत के माध्यम से उच्च अधिकारियों और पुलिस प्रशासन से करेंगे।

-श्रीमती रूखमणी साहू, सरपंच कुरूद सिलयारी

#### जांच कर रहे है

अवैध कारोबार की सभी आरोप बिल्कुल ही बेबुनियाद है फिर भी ग्रामीण द्वारा इस तरह वाल राइटिंग किया गया है उसकी जांच कर रहे है अगर सही पाया गया तो निश्चित रूप से कड़ी कार्यवाही होगी।

- जितेंद्र डहरिया, चौकी प्रभारी सिलयारी







**पुलिस और प्रशासन की निष्क्रियता: एक बड़ी त्रासदी :** सिलयारी में पुलिस चौकी के आसपास बेखौफ कारोबार सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अवैध शराब, गांजा और सट्टे का यह कारोबार पुलिस चौकी से महज 200मीटर की दूरी पर खुलेआम चल रहा है। शाम ढलते ही गांव की गलियों में नशेड़ियों और जुआरियों का जमावड़ा लग जाता है। जिससे आम लोगों, खासकर महिलाओं और बच्चों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार स्थानीय पुलिस को इस अवैध कारोबार की सूचना दी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

#### पंचायत प्रतिनिधि भी बेबस, सुशासन तिहार में भी नहीं मिली राहत

हैरानी की बात यह है कि ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि भी इस समस्या से पार नहीं पा सके हैं। उनकी कोशिशें भी नाकाम साबित हुई हैं। ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा को लेकर सुशासन शिविर में भी गुहार लगाई थी, लेकिन वहां से भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी। ऐसा लगता है कि नशे और अवैध शराब के इस कारोबार को रोकने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की इच्छाशक्ति कहीं कमजोर पड़ रही है। इस खुलेआम बिक रहे जहर और सट्टे के दलदल का सबसे बुरा असर गांव की युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है। कई युवा नशे की लत और सट्टे के शिकार हो रहे हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। अगर जल्द ही इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो कुरूद-सिलयारी गांव सामाजिक विघटन की खाई में धकेला जा सकता है। यह केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक और मानवीय संकट है जिस पर अविलंब ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

## गांजा के साथ महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**धरसींवां।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी कड़ी में दिनांक 19्रमई को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि पुलिस सहायता केन्द्र सिलतरा (थाना धरसींवा) क्षेत्रांतर्गत ग्राम सोण्ड्रा रोड, गोस्वामी होटल के बाजू सोण्ड्रा पास एक महिला एवं एक लड़का अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है।



#### एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और सिलतरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 42 हजार रुपये का गांजा जब्त

जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 03 किलो 832 ग्राम गांजा, बिक्री रकम 500 रूपये एवं 1नग मोबाईल फोन जुमला कीमत लगभग 42,000रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 237/25 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़ें गए आरोपी महिला आरोपी मीना टण्डन पूर्व में आबकारी एक्ट के दो प्रकरणों में तथा आरोपी शत्रुहन टण्डन लूट, नारकोटिक एक्ट एवं धारा 327 भादवि. के प्रकरणों में भी जेल जा चुकें हैं। मीना टण्डन पति स्व. सुखराम टण्डन उम्र 55 वर्ष और शत्रुहन टण्डन पिता स्व. सुखराम टण्डन उम्र 22 वर्ष निवासी आनंद चौंक सांकरा, थाना धरसींवा, जिला रायपुर का निवासी है।

## चालीस पौवा देशी शराब के साथ अधेड़ गिरफ्तार

**मंदिर हसौद।** थाना मंदिर हसौद पुलिस ने अवैध रूप से शराब रखने और बेचने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई है। यह कार्रवाई 23 मई को की गई। मिली जानकारी के अनुसार, मंदिर हसौद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सेरीखेड़ी ओव्हरब्रिज के पास अवैध शराब के साथ मौजूद है। सूचना पर बताए गए हुलिए के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा।पकड़े गए आरोपी की पहचान शिवा नेताम, पिता कार्तिक नेताम, उम्र 42 वर्ष, निवासी सेरीखेड़ी ओव्हरब्रिज के पास के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी में भरी कुल 40 पौवा देशी मसाला शराब बरामद की गई।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। चूंकि प्रकरण अजमानतीय (गैर-जमानती) है, इसलिए आरोपी को न्यायिक हिरासत में माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है।



## अभनपुर की सेवा में उतरे गहिरवारे, तीन निजी टैंकरों से हो रही जल आपूर्ति

**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर मे पेयजल संकट से आम जनता को निजात दिलाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे ने अपने पिता स्वर्गीय आनंद प्रसाद गहिरवारे की स्मृति में तीन निजी पानी टैंकर से नगर की सेवा में पानी वितरण कर रहे हैं। नगर पालिका में इस वर्ष गर्मी शुरू होते ही नगर के सभी वार्ड मे पानी की विकराल समस्या है। नगर पालिका के संसाधनो से लोगो को पर्याप्त पानी की पूर्ति नही हो पा रही है। इसी वजह से नगर पालिक अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे ने अपने खुद के निजी टैंकरो से नगर के लोगो को पानी दे रहे है तथा उत्रसेन गहिरवारे ने चर्चा करते हुए कहा कि पद्भार ग्रहण करते ही पेयजल समस्या हमारे लिए पहली चुनौती है।




इस वर्ष के बाद आने वाले समय मे नगर के लोगों को पानी की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए स्थायी समाधान ढूंढा जा रहा है तथा आने वाले समय मे पानी व साफ सफाई जैसे मूलभूत समस्याओ से लोगों को राहत मिले इसके लिए शासन प्रशासन स्तर पर प्रयास किया जा रहा है।

## देशी पिस्टल साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मंदिर हसौद।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोढ़ी में गुरुवार शाम एक युवक के पास से देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, मंदिर हसौद थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक ग्राम गोढ़ी के पुराना बाजार चौक के पास अवैध रूप से देशी पिस्टल लेकर घूम रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक भागने की कोशिश करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान शुभम कुमार वर्मा उर्फ राकेश (पिता दुष्यंत वर्मा), उम्र 26 वर्ष, निवासी भेरवा कुर्मी पारा, थाना धरसीवा, जिला रायपुर के रूप में हुई है। आरोपी की तलाशी लेने पर उसकी कमर से एक देशी पिस्टल और चार नग जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी पिस्टल के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका और गोलमोल जवाब देता रहा। इस पर थाना मंदिर हसौद में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 200/25, धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



## चंदखुरी में संत कबीर की वाणी गूंजेगी 26 मई को होगा भव्य जयंती समारोह

**चंदखुरी।** कबीर कल्याण आश्रम, भिलाई आरंग में सदगुरु कबीर साहेब की 627वीं प्राकट्य जयंती का आयोजन 26 मई, दिन सोमवार को किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन जेष्ठ कृष्ण पक्ष की चौदस तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संपन्न होगा। कार्यक्रम में सदगुरु कबीर साहेब की अमर वाणी और उनके जीवन दर्शन को स्मरण करते हुए मानवता, समानता और ईश्वर की सर्वव्यापकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा। सदगुरु कबीर साहेब ने अपने उपदेशों के माध्यम से यह बताया कि सभी प्राणियों में परमात्मा का वास है और ईश्वर को बाहर नहीं, भीतर खोजना चाहिए।इस आयोजन में परम पूज्य संत श्री अवध साहेब (कबीर आश्रम कोलियरी भखारा) तथा अंचल के अनेक संत-महात्मा एवं गुरुजन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संयोजन संत विजेंद्र दास साहेब एवं साध्वी मीरा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्तजनों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है।यह महोत्सव न केवल संत कबीर साहेब के जीवन पर प्रकाश डालेगा, बल्कि आज के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में उनके विचारों की प्रासंगिकता को भी उजागर करेगा।



# सुशासन तिहार में समस्याओं का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा के समीपस्थ ग्राम पंचायत देवरी में सुशासन तिहार का तीसरा चरण आयोजित किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि अनुज शर्मा विधायक धरसीवा ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार लोगों के दुख और पीड़ा को समझते हुए समस्याओं के समाधान के लिए यह कार्यक्रम आयोजित कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। साथ ही साथ महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रूपए महिलाओं को हर महीने प्रदान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ भाजपा नीति विष्णु देव साय सरकार द्वारा एक साल की उपलब्धि के रूप में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। जिसको पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के अधिकारी और कर्मचारी जुटे हुए हैं जो आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना हर व्यक्ति को पक्का मकान मिले इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को पक्का आवास दिया जा रहा है।



इससे पहले अनुविभागीय अधिकारी श्री आशुतोष देवांगन ने सुशासन तिहार के बारे में सरकार की उद्देश्यों को रखा। जिसमें बताया गया कि 13ग्राम पंचायत जिसमें छतौद, ताराशिव, भिभोरी, खमरिया, चिचोली, भरवाड़ीह कला, मोहरेंगा,जलसों, किरना, गौरखेड़ा, कठिया, मुरा और बहेसर ग्राम पंचायत के कुल 6654 आवेदन प्राप्त हुए,जिसमें से 6502 मांग एवं 152 शिकायत के थे। जिसमें से मात्र तीन आवेदन लंबित है जिसे शासन को भेजा गया है। बाकी सभी आवेदनों को तत्काल निराकृत किया गया है।

बाक्स 0 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल एवं श्रवण यंत्र ,राजस्व विभाग द्वारा किसान पुस्तिका का वितरण किया

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन तथा कृषि विभाग द्वारा कृषकों को कृषि संबंधी औजार एवं दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल एवं श्रवण यंत्र ,राजस्व विभाग द्वारा किसान पुस्तिका का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में संदीप यादव (जिला पंचायत उपाध्यक्ष) स्वाति वर्मा (जिला पंचायत सदस्य), शैल साहू (जिला पंचायत सदस्य), अभिषेक वर्मा (अध्यक्ष सरपंच संघ तिल्दा ब्लॉक, जनपद सदस्यगण यशोदा वर्मा, देवव्रत शर्मा, लेखू राम सेन, नरसिंह वर्मा, दिव्या वर्मा सरपंच देवरी, नरसिंह वर्मा सरारीडीह, चित्ररेखा साहू रजिया, तेजराम वर्मा कोहका घुलघुल, मनोरमा वर्मा भिंभोरी, पूर्णिमा मनीष वर्मा ताराशिव, मुख्य अनुविभागीय अधिकारी आशुतोष देवांगन, तहसीलदार ज्योति मसीयारे, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी ,उमा पैकरा स्वास्थ्य विभाग सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# सीआर लिखने का अब नया पैटर्न, अंकों के आधार पर होगा मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों (अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को छोड़कर) के कामकाज को लेकर तैयार होने वाली उनकी गोपनीय चरित्रावली बनाने के पैटर्न में सरकार ने महत्वपूर्ण बदलाव किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने नए निर्देश जारी किए हैं।

खास बात ये है कि अब से पहले सीआर का श्रेणीकरण क, ख, ग के आधार पर तैयार होता था। अब इसमें बदलाव के बाद संख्यात्मक श्रेणी में इसे लिखा जाएगा।

खास खबर

### इसलिए किया गया है बदलाव

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन लिखे जाने का उद्देश्य यह है कि शासकीय अधिकारी,कर्मचारी के वार्षिक कार्य करने की क्षमता, कार्य व नियमों का ज्ञान तथा कार्य करने के तरीके, उसके व्यवहार का वार्षिक मूल्यांकन किया जा सके। किसी भी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी के कैरियर का यह महत्वपूर्ण अभिलेख है तथा इसी के आधार पर उसके आगे की सेवी अवधि कैसी होगी, यह तय होता है। इसलिए वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन अत्यंत सावधानीपूर्वक बिना किसी पूर्वाग्रह के लिखा जाना चाहिए।

### होगा पोर्टल का उपयोग

राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि मानव संसाधन प्रबंधन को डिजिटल रूप से सुदृढ़ करने के लिए राज्य के सभी शासकीय सेवकों के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु एनआईसी. द्वारा विकसित स्पारोआव का उपयोग किया जावेगा। राज्य के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों (अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को छोड़कर) के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन लिखे जाने के सम्बंध में पूर्व में प्रचलित प्रणाली, प्रपत्र के स्थान पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नवीन प्रपत्र एक प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी एवं कार्यपालिक तृतीय श्रेणी अधिकारियों के लिए प्रपत्र-दो तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के लिए प्रपत्र-तीन शीघ्रलेखक संवर्ग के कर्मचारियों के लिए एवं प्रपत्र-चार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए निर्धारित किया गया है, जो कि अंकीय ग्रेड पर आधारित होगा।

### अब हुआ ये बदलाव

वर्तमान में लागू कार्य निष्पादन मूल्यांकन संख्यात्मक आधारित होगी। पदोन्नति हेतु पूर्व वर्ष के गोपनीय प्रतिवेदन को विचार में लिया जावेगा, जो कि विवरणात्मक होगी तथा विभिन्न श्रेणी हो सकती है। इसलिए पदोन्नति के लिए पूर्व वर्ष के गोपनीय प्रतिवेदन में अंकित श्रेणीकरण को निम्नानुसार संख्यात्मक में परिवर्तित किया जाएगा। पूर्व में इसे क, ख, ग, घ के रूप में बनाया जाता था, लेकिन अब इसे 0 से लेकर 10 अंकों के आधार पर तैयार किया जाएगा।

### दूसरे चरण में होगा ये काम

द्वितीय चरण में इसी पोर्टल का उपयोग स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षक संवर्ग, गृह विभाग के अंतर्गत उप पुलिस अधीक्षक के नीचे स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी यथा पुलिस संवर्ग,आरक्षक, उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राध्यापक संवर्ग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत यथा परियोजना अधिकारी,पर्यवेक्षक संवर्ग एवं अन्य तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत स्टॉफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, पर्यवेक्षक संवर्ग द्वारा किया जावेगा। इन विभागों के अधिकारी,कर्मचारियों के वर्ष 2024-25 के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन लिखे जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित नवीन प्रणाली, प्रपत्रों का ही उपयोग किया जावेगा। यहां यह स्पष्ट किया गया है कि वर्ष 2024-25 के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन पूर्व में प्रचलित प्रणाली प्रपत्र अनुसार लिखे अथवा मतांकन किये जाने पर मान्य नहीं होगा।

## खबर संक्षेप



### वीआईपी रोड से तेलीबांधा ब्रिज तक अवैध कब्जे बैनर-पोस्टर हटाए गए

**रायपुर** । नगर निगम प्रशासन राजधानी के मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रो में सड़क यातायात को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के लिए अभियान चलाकर अवैध कब्जों के साथ अवैध रूप से लगे बैनर-पोस्टरों को हटाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शुक्रवार को वीआईपी रोड से लेकर तेलीबांधा ओवरब्रिज तक अवैध बैनर पोस्टर हटाकर जब्त करने की कार्रवाई की। इसी प्रकार टीम प्रहरी अभियान के तहत कचहरी चौक से तेलीबांधा ओव्हर ब्रिज तक सड़क से अवैध ठेलो को हटाने की कार्रवाई की।

### सात नए चिकित्सा विशेषज्ञों की नियुक्ति

**रायपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों की संविदा नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। इन चिकित्सकों की तैनाती प्रदेश के विभिन्न जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में 07 संविदा विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। इससे त्वरित और बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी तथा चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा।

### हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष से भेंट कर बताईं समस्याएं



**रायपुर।** रेसिडेंट को-ऑपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार के पदाधिकारियों ने कॉलोनी की समस्याओं को लेकर हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें अध्यक्ष बनने की शुभकामनाएं दीं। चर्चा के बाद अध्यक्ष श्री सिंहदेव ने 15 दिवस के भीतर समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में सोसाइटी के संरक्षक कुलेश देवांगन, अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष बीआर देवांगन, कोषाध्यक्ष बीआर साहू, सांस्कृतिक प्रभारी भूमेद सिंह खंडाते, किशोर भूआर्य, राजेश तिग्गा एवं अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

### अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर निबंध 31 को

**रायपुर।** छग राज्य युवा आयोग द्वारा 31 मई को अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश स्तरीय अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी विषय पर निबंध प्रतियोगिता सभी विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, खेल संघों में आयोजित की जाएगी, विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

स्वशासी समिति की बैठक में पहली बार शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

# शासकीय डेंटल कालेज के जरूरी उपकरणों की सप्लाई के लिए टाइम लिमिट तय, भवन का कायाकल्प भी होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश के एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में मरीजों के इलाज में उपयोग आने वाले जरूरी उपकरणों की सप्लाई के लिए टाइम लिमिट तय की गई है। दवा कार्पोरेशन के अफसरों को हिदायत दी गई है कि सीबीसीटी जैसी जांच मशीन से लेकर डेंटल चेयर तक की सप्लाई एक निर्धारित अवधि में पूरी की जाए। इसके साथ ही आने वाले दिनों में कालेज भवन का कायाकल्प भी किया जाएगा और कुछ कर्मचारियों की कमी दूर करने आउटसोर्सिंग भी की जाएगी।

पहली बार शासकीय कालेज की स्वशासी समिति की बैठक स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति में पूरी हुई। बैठक में दांतों की बीमारी के उपचार की सुविधा देने वाले का एकमात्र दंत चिकित्सालय की कमियों पर चर्चा की गई। इस दौरान यह तर्क सामने आया है कि कालेज की सीबीसीटी, लैट ओपीजी, सीजीजी जैसे उपकरण की खरीदी प्रस्तावित है और कुछ के लिए तो सीजीएमएससी को फंड भी रिलीज हो चुका है। स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक में मौजूद दवा कार्पोरेशन के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि उपकरणों की सप्लाई के लिए एक टाइम लिमिट तय की जाए, ताकि मरीजों को जांच के लिये इधर-उधर नहीं भटकना पड़े। उन्होंने मरम्मत और सफाई के अभाव में पुराने नजर आ रहे भवन का कायाकल्प करने पर सहमति प्रदान की। हास्पिटल में आने वाले मरीजों को आभा आईडी की सुविधा देने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा बैठक में महाविद्यालय के आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान करने के लिए अनेक निर्णय लिए गए। बैठक में स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, डीएमई डॉ. यूएस पैकरा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वीरेंद्र वाढेर, समिति के सदस्य प्रो. डॉ संजीव कुंहपन के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

### दरों की समीक्षा, मरीजों को मिलेगी गर्मी से राहत

बैठक में शासकीय दंत चिकित्सालय में मरीजों से लिये जाने वाले निर्धारित शुल्क की समीक्षा की गई है। इस दौरान मरीजों को इसमें और राहत देने की संभावना भी खोजी गई है। साथ ही गर्मी के दौरान इलाज के लिए परेशान होने वाले मरीजों और चिकित्सकीय स्टाफ की सुविधा के लिए परिसर में सेंट्रल एसी लगवाने का भी निर्देश दिया। इस दौरान कालेज में प्रस्तावित लायब्रेरी के अधूरे काम को पूरा करने के लिए भी सख्त निर्देश दिए गए।

### कर्मचारियों ने मांगी पदोन्नति, पीजी छात्रों ने स्टाइपेंड

स्वशासी समिति बैठक में शामिल होने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री ने डेंटल कालेज के चतुर्थ श्रेणी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सतीश पसेरिया ने कर्मचारियों की पदोन्नति, कैसलेस उपचार की सुविधा एवं तृतीय तथा चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों के नियमितिकरण की मांग की है। वहीं स्नातकोत्तर एवं इंटर्न छात्रों ने शिष्यवृत्ति बढ़ाने का आग्रह किया। मंत्री ने उन्हें मांगों पर शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### आयुष्मान के पंजीकृत अस्पतालों में होगा रोड एक्सीडेंट के घायलों का निशुल्क इलाज

**रायपुर।** सड़क दुर्घटना में घायल होने पर पीड़ितों का डेढ़ लाख रुपये तक निशुल्क इलाज आयुष्मान के लिए पंजीकृत अस्पताल में किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह बेहद जन उपयोगी योजना है। इसमें पीड़ित परिवार को सात दिन अवधि के लिए कैशलेस तरीके से उपचार की सुविधा मिलेगी। अपने निवास स्थित कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि योजना के मुताबिक हादसे में कोई व्यक्ति घायल होता है, तो उसे डेढ़ लाख, परिवार के दो सदस्य के जख्मी होने पर 3 लाख और तीन लोगों के हताहत होने पर साढ़े 4 लाख रुपये के निशुल्क उपचार की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य सहायता योजना में शामिल तमाम शासकीय और निजी अस्पताल में इलाज किया जाएगा। नयी योजना के तहत घायल होने वाला कोई भी शख्स सात दिन तक डेढ़ लाख रुपये तक के निशुल्क उपचार का पात्र होगा। जायसवाल ने यह भी बताया कि जिस अस्पताल में पीड़ित के इलाज की सुविधा नहीं होगी, तो प्रबंधन उसे दूसरे अस्पताल रेफर करेगा, जिसकी जानकारी निर्धारित आईआरईडी पोर्टल में अपडेट करना होगा। योजना के तहत तमाम पंजीकृत अस्पतालों में व्यस्था लागू करने के निर्देश जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह योजना काफी जन उपयोगी है क्योंकि कई बार एक्सीडेंट में घायल होने के वाले मरीज पर्याप्त राशि की व्यवस्था नहीं कर पाते हैं इस योजना के बाद ऐसे लोगों के परिजनों को रकम की व्यवस्था के लिये भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि ट्रामा और पॉलीट्रामा के अंतर्गत कुछ और सक्षम हास्पिटल को इस योजना के तहत शामिल किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके।

**कोरोना से निपटने पूरी तैयारी** : महाराष्ट्र, ओडिशा सहित कई राज्यों में कोरोना के केस बढ़ने के बाद प्रदेश में एहतियात के तौर पर इस महामारी से निपटने अपनी तैयारी कर ली है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि संक्रमितों के इलाज के लिए हमारे पास सारे इंतजाम है। पर्याप्त संख्या में बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर की व्यवस्था है। उनके निर्देश के बाद आंबेडकर अस्पताल में कोविड वार्ड की सफाई करवा ली गई है।

## कर्मचारियों की फाइव डे वर्किंग समाप्त होने पर भूपेश-साव में जुबानी जंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा सरकार कर्मचारियों के सप्ताह में फाइव डे वर्किंग के फैसले को बदलने वाली है। इसको लेकर जहां कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है, वहीं अब इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और डिप्टी सीएम अरुण साव में जुबानी जंग भी प्रारंभ हो गई है। कर्मचारियों के लिए फाइव डे वर्किंग खत्म होने के मामले में डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, मुझे लगता है, यह आज की आवश्यकता है। सरकारी कार्यालय में काम की अधिकता हो रही है। प्रशासनिक रूप से सरकार ने यह तय किया है। इस निर्णय पर सबको सहयोग करना चाहिए।

### कांग्रेस सरकार के फैसले बदल रहे हैं : भूपेश बघेल

इस मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, पुलिस विभाग में परिवार का दबाव रहता है। काम का भी दबाव पुलिस पर रहता है। शारीरिक, मानसिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया था। भाजपा सरकार भूपेश बघेल के सभी निर्णय को पलटने में लगी है। उन्हें पुलिस वालों की स्थिति से कोई लेना देना नहीं है।

# भूपेश बोले- प्रदेश सरकार ने किसानों को बिजली पानी उपलब्ध नहीं कराया, हुआ भारी नुकसान

**किसान राइस मिलरों को 1400-1500 रुपए क्विंटल की दर में धान बेचने को बाध्य हुए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, किसानों को रबी फसल की कीमत नहीं मिल रही है। साय सरकार ने समय पर बिजली और पानी उपलब्ध नहीं कराया है, इस कारण किसानों को बहुत नुकसान हुआ है। सरकार द्वारा कोई सर्वे नहीं कराया गया है। मंडी बंद है, धान की खरीदी नहीं हो रही है। इस साल किसान राइस मिलरों को 1400-1500 रुपए क्विंटल की दर में धान बेचने को बाध्य हुए। किसान बरसात की फसल के लिए तैयारी कर रहे हैं, लेकिन बीज और खाद की कोई व्यवस्था नहीं है।

इसके कारण किसानों को बहुत ही ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ेगा। नकली खाद मार्केट में आ गया है और किसान से जुड़े संगठन भी आंदोलन कर रहे हैं। कवर्धा में गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ने की कीमत नहीं मिल रही है। पिछले समय 4 महीने गन्ना खरीदी होती थी, पर इस साल सिर्फ 44 दिन खरीदी हुई है और जो गन्ने की खरीदी हुई उसका भी भुगतान नहीं हुआ है। साय सरकार किसान विरोधी सरकार है। श्री बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, सुशासन तिहार चल रहा है आवेदन ले लिए हैं और पावती नहीं दी है। मस्तूरी विधानसभा में आयोजित सुशासन तिहार में जनता ने पूर्व में दिए आवेदन के निराकरण की जानकारी मांगी तो अधिकारियों ने पावती मांगी, जबकि आवेदन लेते समय पावती नहीं दी गई थी, जिससे जनता आक्रोशित हुई अधिकारी भाग गए। दूसरी तरफ भाजपा के नेता वसूली करने में लगे हुए हैं। खदानों में अवैध खनन चल रहा है। कोयला, लोहा में कमीशनखोरी चल रहा है। अब तो विभागों में 30 प्रतिशत की कमीशन से काम हो रहा है। हद तो तब हो जाती जब मुख्यमंत्री के परिवार के लोग जाकर दारू और मुर्गा की मांग करते हैं, नहीं देने वालों पर कार्रवाई हो जाती है।

### रमन-साय सरकार के काम की हो जांच

श्री बघेल ने कहा, रमन सरकार के 15 साल में बहुत सारे शासकीय कार्यक्रम हुए हैं, उनकी भी जांच होनी चाहिए। अभी साय सरकार के कार्यकाल की भी जांच होनी चाहिए। निगम मंडल अध्यक्ष के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में लाखों खर्च हुए हैं, उसकी भी जांच होनी चाहिए। भाजपा सरकार को भूपेश बघेल के हर फैसले का पलटना जरूरी लगता है, लेकिन अभी तक बिजली बिल हाफ योजना नहीं पलट पाए। हाट बाजार योजना नहीं पलट पाए। 35 किलो हर परिवार की योजना नहीं पलट पाए। श्री बघेल ने कहा, झीरम और पहलगाम में जो समानता है कि दोनों जगह सुरक्षा नहीं थी। झीरम घाटी में नाम पूछकर मारे और पहलगाम में धर्म पूछकर मारे। आज तक नक्सली और आतंकवादी हमले में ऐसा नहीं मिलेगा कि नाम और धर्म पूछकर मारा गया हो। झीरम मामले में हमने एसआईटी गठन किया था, लेकिन एनआईए ने उसका विरोध किया था, एफआईआर में नाम गायब हो जाते हैं, सरकार में यह स्थिति है। भाजपा की केंद्र सरकार ने हमें जांच करने नहीं दी।



### कितने नक्सली मारे गए सरकार बताए

श्री बघेल ने कहा, सरकार द्वारा नक्सली अभियान चलाया जा रहा सरकार को स्पष्ट करना चाहिए नक्सली कितने मारे गए और उसमें ग्रामीण तो मरे नहीं है। क्योंकि पिछले समय ग्रामीणों की भी हत्या हो गई थी। पिछले साल तेंदूपत्ता तोड़ने गए 3 ग्रामीणों को मार दिया गया था। सरकार के तरफ से उन लोगों को मुआवजा भी नहीं मिला। नक्सली मामले में मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का अलग बयान आता है, यह स्थिति है सरकार की।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आज

**रायपुर।** कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह, जिला रायपुर के निर्देश पर शनिवार को 24 मई को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन किया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी ने बताया कि जिले में 15 से 20 फीसदी महिलाएं उच्च जोखिम गर्भवस्था वाली होती है। इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध प्रसवपूर्व परामर्श एवं जांच जैसे हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड प्रेशर, यूरीन टेस्ट, ब्लड शुगर सहित अन्य टेस्ट एवं अल्ट्रासोनोग्राफी की सेवाएं प्रदान कर उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं का प्रबंधन किया जाता है। हाईरिस्क वालों की पहचान कर उन्हें विशेष निगरानी और उपचार प्रदान किया जाता है। पीएमएसएमए दिवस हर माह की 9 एवं 24 तारीख को सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों मनाया जाता है, जहां सभी गर्भवती महिलाओं को मुफ्त एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा प्रदान की जाती हैं।




# बीरगांव, धमतरी, भिलाई-चरौदा और 43 निकायों में जीआईएस सर्वे आधारित कर वसूली जल्द होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- निकायों को दस दिन में पूरे करने हैं सभी जरूरी काम
- तय समय पर काम करने के निर्देश के साथ चेतावनी भी




छत्तीसगढ़ के तीन नगर निगम, बीरगांव, धमतरी भिलाई-चरौदा के साथ अन्य 43 नगरीय निकायों में जल्द ही संपत्तिकर, जलकर एवं यूजरचार्ज के लिए विकसित पोर्टल जल्द ही गो-लाइव होने वाला है। इसके साथ ही इन निकायों में जीआईएस आधारित सर्वे के आधार पर करों की वसूली शुरू होगी। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने संबंधित निकायों को तत्काल जरूरी कदम उठाने के निर्देश जारी किए हैं।


**निकायों को तुरंत करना होगा ये काम** : नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में संबंधित निकायों को तत्काल काम शुरु करने के निर्देश दिए हैं। निकायों से कहा गया है कि परियोजना के क्रियान्वयन हेतु निकाय स्तर पर सिंगल पाईंट ऑफ कान्टेक्ट नामित कर सूडा को प्रेषित करें। उक्त नामित अधिकारी निकायों में परियोजना को गो-लाईव कराने हेतु समस्त आवश्यक कार्यवाही करेंगे। परियोजना को गो-लाईव करने से पूर्व डोर टू डोर संपत्ति सर्वे डाटा, नल कनेक्शन डाटा एवं संपत्तिकर डिमांड का वेरिफिकेशन पूर्ण किया जाए। पोर्टल गो-लाईव किए जाने के पूर्व साफ्टवेयर में वित्तीय वर्ष 2024-25 तक संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर की बकाया राशि की एंट्री पूर्ण किया जाए। डोर लॉक, नो रिस्पांस संपत्ति सर्वे एवं डिजिटल डोर नंबर के लिए निकाय स्तर पर वार्डवार टीम गठित करते हुए क्रियान्वयन एजेंसी के साथ समन्वय कर सर्वे कार्य पूर्ण करें। घरों में डिजिटल डोर नंबर लगाने के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु क्रियान्वयन एजेंसी के साथ समन्वय कर जीआईएस पोर्टल एवं बेसमैप पर कॉलोनी का नाम, कॉलोनी की बाउंड्री एवं वार्ड बाउंड्री वेरिफिकेशन का कार्य पूर्ण करें।

### समय पर काम नहीं किया तो सीआर में होगा अंकित

इस मामले को लेकर सरकार की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि निकायों को भेजे गए निर्देश के साथ कहा गया है कि परियोजना के सभी कार्य 10 दिनों में पूरा करें और प्रगति से सूडा को अवगत कराएं। जिससे पोर्टल को गो-लाईव करने की कार्यवाही समय सीमा में पूरी की जा सके। इस काम की प्रगति को सभी आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी की गोपनीय चरित्रावली (सीआर) में दर्ज किया जाएगा। इसलिए काम में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए अपेक्षित कार्यवाही समय सीमा में करने कहा गया है।

## निधन

### डॉ. सेवक राम वर्मा



**रायपुर।** गौतम बुद्ध मार्ग नेहरू नगर पश्चिम भिलाई निवासी डॉ. सेवक राम वर्मा (72) का 22 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम सुपेला में किया गया। वे चंद्रकांता वर्मा के पति, तन्मय और प्रतीक के पिता थे।

### कमल सिंह भंडारी



**रायपुर।** सीएम हाऊस के सामने सिविल लाइंस निवासी कमल सिंह भंडारी निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 24 मई को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे रजनी भंडारी के पति, पराग भंडारी व आज्ञा राजीव कुमार के पिता थे।

### भागी देवी कुकरेजा



**रायपुर।** राज राजेश्वरी दुर्गा मंदिर गुरुद्वारा के सामने वाली गली कटोरा तालाब निवासी भागी देवी कुकरेजा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 मई को सुबह 11 बजे निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम जाएगी। वे परमानंद, नामदेव, गोपी, कन्हैया कुकरेजा की माता थीं।

### हंसा बेन चावड़ा



**रायपुर।** अग्रोहा कॉलोनी निवासी हंसा बेन भगवानलाल चावड़ा का 22 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे सुरेश कुमार चावड़ा, राजेश कुमार चावड़ा एवं हर्षिता अशोक राठौड़ की माता थीं।

# महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन आज से, मेरिट लिस्ट की तिथि तय करेगा उच्च शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन शनिवार से प्रारंभ हो जाएंगे।

> अंतिम तिथि का निर्धारण नहीं, पूर्व की तरह केंद्रीकृत पद्धति से होंगे प्रवेश

रविवि द्वारा इस संदर्भ में शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी किए गए नोटिस के अनुसार, 24 मई से ऑनलाइन आवेदन पोर्टल खोले जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा फिलहाल केवल आवेदन ही प्रारंभ किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि, मेरिट लिस्ट जारी होने की तिथि, प्रवेश की अंतिम तिथि सहित अन्य किसी भी तरह की प्रक्रिया के लिए डेडलाइन तय नहीं की गई है। रविवि के अनुसार, उच्च शिक्षा विभाग से तिथियों का निर्धारण होने के बाद महाविद्यालयों को इस संदर्भ में सूचित किया जाएगा। पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी प्रवेश प्रक्रिया केंद्रीकृत ही होगी। विद्यार्थियों को रविवि के पोर्टल में जाकर आवेदन करना होगा। यहां वे अपनी पसंद के महाविद्यालयों का चयन कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद छात्रों के फॉर्म उन कॉलेजों को भेजे जाएंगे, जिनका चुनाव उनके द्वारा किया गया है। इन आवेदनों के आधार पर कॉलेज छात्रों की मेरिट लिस्ट तैयार करेंगे। केंद्रीकृत आवेदन होने के कारण छात्रों को महाविद्यालयों के वेबसाइट पर जाकर पृथक रूप से फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं होगी।

## रविवि ने जारी की अधिसूचना, पोर्टल में जाकर कर सकेंगे आवेदन

### सेमेस्टर पद्धित में ही दाखिले

रविवि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति शैक्षणिक सत्र 2024-25 से लागू कर दी गई है। इसके अंतर्गत वार्षिक परीक्षाओं के स्थान पर अब सेमेस्टर सिस्टम पर परीक्षाएं हो रही हैं। सत्र 2025-26 में भी एनईपी के तहत सेमेस्टर सिस्टम में ही प्रवेश दिया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अध्ययन करने वाला यह दूसरा बैच होगा। छात्र अपनी सुविधानुसार चार वर्ष का स्नातक पाठ्यक्रम पूर्ण कर सकेंगे अथवा मध्य में ही सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त कर पढ़ाई छोड़ सकेंगे। वहीं एनईपी प्रथम बैच के छात्रों का यह दूसरा वर्ष होगा।



### नहीं मिलेंगे अधिक मौके

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, इस बार प्रवेश की अंतिम तिथि को लेकर कड़ाई बरतने की तैयारी है। सेमेस्टर पद्धति के तहत दिसंबर में परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। सितंबर माह तक प्रवेश दिए जाने की स्थिति में छात्रों के पास पढ़ाई के लिए कुछ दिनों का ही समय रहता है। इससे परीक्षा परिणाम भी प्रभावित होते हैं। अतः इस वर्ष अगस्त के प्रथम पखवाड़े तक ही छात्रों को दाखिले दिए जाएंगे। पिछले सत्रों में राजधानी के शीर्ष महाविद्यालयों के कटऑफ प्रथम चरण में 90 प्रतिशत से अधिक गए थे। बारहवीं कक्षा में उत्तीर्ण होने वाले तथा 80 प्रतिशत से अधिक अंक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में इस बार भी कटऑफ ज्यादा जाने की उम्मीद है।

## राजस्थान, बिहार और उत्तरप्रदेश के लोग गिरोह के रूप में कर रहे काम

# अंतरज्यीय गैस चोर गिरोह सक्रिय, कंपनियों के टैंकर से गैस कटिंग कर ब्लैक में बेच रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में गैस चोर गिरोह सक्रिय है। यह गिरोह निजी कंपनियों के गैस टैंकर से कटिंग कर तथा घरेलू और कमर्शियल सिलेंडरों की गैस चोरी कर खाली सिलेंडरों में भरकर उसे बेचने का कारोबार कर रहा है। महासमुंद जिले के पटेवा थाना पुलिस ने ऐसे ही एक गिरोह को पकड़ा है, जिसमें शामिल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये सभी आरोपी रायपुर के सिलतरा के इंडेन गैस कंपनी में काम करते हैं और डिपो के गैस टैंकर से गैस कटिंग कर खाली सिलेंडरों में भरकर उसे ब्लैक में बेचा करते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपी राजस्थान, उत्तरप्रदेश और बिहार के रहने वाले हैं। इस गिरोह के भंडाफोड़ के बाद आशंका जताई जा रही है कि राजधानी में गैस चोर का बड़ा गिरोह के साथ अन्य कई गिरोह भी हो सकते हैं, जो गैस की चोरी से लेकर उसे ब्लैक में बेचने का कारोबार चला रहे हैं।

### चार टैंकर, दो पिकअप वाहन एवं 130 कमर्शियल सिलेंडर जब्त

पटेवा थाना प्रभारी विनोद कश्यप ने बताया कि गैस चोर गिरोह के कब्जे से सिलतरा रायपुर की इंडेन गैस कंपनी के चार टैंकर जब्त किए हैं। इन टैंकरों से कटिंग कर घरेलू गैस की चोरी आरोपियों ने की थी। इसके अलावा दो पिकअप वाहन तथा 130 कमर्शियल भरे सिलेंडर भी जब्त किए हैं।



### डिपो-गैस एजेंसियों में दूसरे राज्यों के ज्यादा कर्मचारी

राजधानी में संचालित एचपी, इंडेन, भारत सहित अन्य कंपनियों के डिपो से लेकर गैस एजेंसियों में ज्यादातर दूसरे राज्यों के लोग ही काम कर रहे हैं। इनमें राजस्थान, उत्तरप्रदेश और बिहार जैसे राज्य से काम करने वालों की संख्या अधिक है। कंपनी और एजेंसी द्वारा दूसरे राज्यों से आए लोगों को नौकरी पर तो रखा गया है, लेकिन इनमें से ज्यादातर लोगों की आईडी और पुलिस वेरिफिकेशन तक नहीं किया गया है। बहुतों के तो क्रिमिनल रिकार्ड भी चेक नहीं किए गए हैं कि इससे पहले कहीं उनके खिलाफ अपराधिक प्रकरण तो दर्ज नहीं हैं।

### कई गैस एजेंसी संचालक कर्मचारियों के भरोसे

*ऐसी कई गैस एजेंसी हैं, जिसके संचालकों के पास गैस एजेंसी का काम देखने तक का समय नहीं है। इस कारण इन एजेंसियों में बुकिंग, पर्ची काटने से लेकर डिलीवरी का सारा काम कर्मचारी ही करते हैं, जिसका कई एजेंसियों में कर्मचारी फायदा भी उठाते हैं। भरे सिलेंडरों को ब्लैक में बेचने से लेकर सिलेंडरों से गैस चोरी कर खाली सिलेंडरों में भरकर उसे बेच भी रहे हैं।*

### कंपनी और विभाग के अधिकारी नहीं करते जांच

*गैस की चोरी, अवैध रीफिलिंग के साथ ब्लैक में सिलेंडर बेचने का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। इस पर लगाम लगाने के लिए न ही गैस कंपनियों के अधिकारी नियमित रूप से एजेंसियों की जांच करते हैं और न ही खाद्य विभाग। इस तरह कंपनी और विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण गैस की चोरी, अवैध रीफलिंग से लेकर भरे हुए सिलेंडरों को ब्लैक में बेचने के खेल पर भी अंकुश लग नहीं पा रहा है।*

# 65 म्यूल अकाउंट में 56 करोड़ का ट्रांजेक्शन, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सट्टा तथा जालसाजी की रकम म्यूल अकाउंट के माध्यम से एक खाता से दूसरा खाता में ट्रांसफर करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने तीन मीडिएटर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने 65 अलग-अलग लोगों के नाम से अकाउंट खुलवाए थे। खुलवाए गए अकाउंट में जालसाजों द्वारा 56 करोड़ रुपए ट्रांजेक्शन करने की जानकारी पुलिस को मिली है। म्यूल अकाउंट के माध्यम से रकम ट्रांसफर करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने विनोद भमबानी, अरविंद गुप्ता, विनय साधवानी को गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार पूर्व में म्यूल अकाउंट खुलवाने के आरोप में जिन 65 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उन्हीं की निशानदेही पर तीनों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में विनोद साधवानी एक ऑनलाइन कंपनी का सामान डिलीवरी करने का काम करता है, दो अन्य के मसाला तथा किराना का कारोबार है। पुलिस के अनुसार तीनों को हर माह प्रति अकाउंट के बदले पांच से दस हजार रुपए कमीशन मिलता था। उसमें से कुछ राशि अकाउंट मालिक को आरोपी देते थे।

### पुलिस से बचने घर में कैमरा

पुलिस के अनुसार विनोद साधवानी इतना शातिर है कि उसे अपनी गिरफ्तारी का पूर्वानुमान था। इसीलिए उसने अपने घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगवाया था। पैसों के लालच के कारण वह रकम ट्रांसफर करने का मोह छोड़ नहीं पा रहा था। रेंज साइबर पुलिस को निगरानी के लिए विनोद के घर में सीसीटीवी कैमरे की जानकारी मिल गई थी। इस वजह से रेंज साइबर पुलिस की टीम ने अलग-अलग दिशाओं से विनोद के घर की घेराबंदी कर उसे पकड़ा।

### कांट्रैक्टर का कोई सुराग नहीं

रेंज साइबर पुलिस ने जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों को रकम एक से दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर कराने कौन संपर्क करता था, रेंज साइबर पुलिस को फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पूछताछ में तीनों ने कई लोगों द्वारा रकम दिए जाने की जानकारी पुलिस को दी है। जालसाजों द्वारा देश के अलग-अलग राज्यों में रकम ट्रांसफर किए जाने की जानकारी रेंज साइबर पुलिस को मिली है।

# नवतपा रविवार से, अभी शहर का तापमान सात डिग्री कम, बारिश की गतिविधि जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में आने वाली नमी के प्रभाव इस बार नवतपा के बिना तपे की गुजर जाने की उम्मीद है। दो दिन से चल रही बारिश की गतिविधि की वजह से शहर का अधिकतम तापमान अभी सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस कम है।

> ■ बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में आ रही नमी, शहर में 90 असर

वातावरण में 90 फीसदी तक नमी है, जिसकी वजह से छाए बादलों के कारण धूप भी अपना असर नहीं दिखा पा रही है।

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून नवतपा की शुरुआत यानी 25 मार्च तक पहुंच जाएगा। अभी मौसम तंत्रिकाओं के रूप में एक निम्न दाब का क्षेत्र पूर्व-मध्य अरब सागर, उत्तर कर्नाटक और गोवा तट से सुदूर स्थित है। इसके बाद इसके और अधिक प्रबल होकर अवदाब के बनने की संभावना है एक



द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ तक 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। जिससे बड़ी मात्रा में नमी का प्रदेश में आगमन हो रहा है। इससे प्रभाव से बारिश की गतिविधि बढ़ी है और गर्मी गायब हो चुकी है।शुक्रवार को बारिश की गतिविधि जारी रहने की वजह से प्रदेश का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं जा सका। वहीं छाए बादलों की वजह की वजह से धूप का प्रभाव भी कम रहा जिसकी वजह से गर्मी ना के बराबर रही। अगले चौबीस घंटे में बस्तर संभाग के जिलों तथा इससे लगे दुर्ग और रायपुर संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार मई का महीना बिना 44-45 डिग्री की गर्मी के गुजर रहा है। सक्रिय सिस्टम के कमजोर होने के बाद भी तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं।

### प्रमुख शहरों का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 35.3 | -7.3 |
| बिलासपुर | 35.4 | -8.4 |
| पेंड्रा | 35.4 | -4.2 |
| अंबिकापुर | 34.0 | -5.9 |
| जगदलपुर | 31.0 | -7.2 |
| दुर्ग | 33.8 | -9.6 |

## पेज 9 के शेष

### तीन प्रमुख चौराहों...

कार्रवाई तथा अन्य कानूनी काम ट्रैफिक पुलिस करेगी। तेलीबांधा सिग्नल के पास ट्रैफिक वार्डन की ड्यूटी लगाए जाने के बाद सड़क किनारे गलत तरीके से होने वाली गाड़ियों की पार्किंग पर अंकुश लगा है। इसके साथ रांग साइड वाहन चलाने वाले लोगों को ट्रैफिक वार्डन समझाइश देने का काम कर रहे हैं।

### राजधानी के पांच...

यह है कि इनमें से कुछ विद्यालयों में जितने शिक्षक हैं, उतने भी छात्र पास नहीं हो सके। अर्थात औसतन एक शिक्षक एक छात्र को भी उत्तीर्ण नहीं करा सका। पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, शासकीय नगर निगम सरदार प्रीतम सिंग सैनी उमावि श्याम नगर में 2, शासकीय उमावि सोनडोंगरी में 8, शासकीय नगर निगम उमावि टिकरापारा में 5, शासकीय नगर निगम विवेकानंद उमावि पंडरी में 6 तथा शासकीय उमावि परसकोल में 7 छात्रों ने ही परीक्षा उत्तीर्ण की है।

**12वीं में इन स्कूलों के परिणाम खराब**

ना केवल दसवीं बल्कि बारहवीं कक्षा में भी ऐसे स्कूल हैं, जहां परिणाम 55 प्रतिशत से कम रहे हैं। हालांकि इनकी संख्या दसवीं की तुलना में कम है। हायरसेकंडरी में 55 प्रतिशत से कम परिणाम वाले तीन विद्यालयों में शासकीय महात्मा गांधी उमावि लखोली 52.81%, शासकीय उमावि भंडारपुरी 52.17% तथा शासकीय प्यारेलाल उमावि शामिल है।

### दसवीं में इन स्कूलों...

शाउमावि खोरसी 43%, शाउमावि बोरियाखुर्द 44%, शाउमावि कनकी 44%, शाउमावि कठिया 45%, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम विद्यालय मंदिरहसौद 45%, शाउमावि कोसरंगी 45%, शाउमावि जोरा कृषक नगर 45%, शाउमावि खम्तराई 46%, शाउमावि रविग्राम 47%, शाउमावि डूंडा 48%, शाउमावि मठपुरैना 48%, शाउमावि कुशालपुर 48%, शाउमावि माना बस्ती 48%, शाउमावि सकरी 50%, शाउमावि निसदा 50%, शाउमावि कुंदरू 50%, शाउमावि किरना 50%, स्व.श्रीराम शर्मा शाउमावि डूमरतराई 50%, शाउमावि देवरी 51%, शाउमावि सतब्भनवा 51%, शाउमावि तिल्दा 51%, शाउमावि देवार तिल्दा 52%, शाउमावि आमासिओनी 52%, शाउमावि अटारी 52%, प्रो.जेएन पांडेय शाउमावि नलघर चौक 52%, स्वामी आत्मानंद शाउमावि मोवा 53%, स्वामी आत्मानंद विद्यालय गुढ़ियारी 53%, शाउमावि लभांडी 53%, शाउमावि ससहोली 54%, शाउमावि परसदा 54%, शाउमावि तोरला 54% तथा शाउमावि सेजबहार 55% परिणाम के साथ खराब नतीजों वाले स्कूलों की सूची में शामिल हैं।

### तैयारियों में नहीं...

लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित नहीं की गई थी। शाला के लिए निर्धारित समय में ही छात्रों की विशेष गाइडेंस के साथ पढ़ाई की बात कही गई। शाला समय समाप्त होने के बाद किसी भी स्कूल में कोचिंग कक्षाएं नहीं लगाई गई।

### एक लाख में बेची...

पुलिस को बताया है कि राजेश उर्फ राजेंद्र कामड़े उसे रेलवे स्टेशन के पास मिला। वह उसे शादी करने का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया और उसे बालाघाट ले जाकर बाबूलाल के पास एक लाख रुपए में बेच दिया।

### अंतिम 30 मिनट में...

के 30 मिनट में वॉशरुम नहीं जा सकेंगे। इसके अलावा एक साथ दो परीक्षार्थियों को वॉशरूम जाने की अनुमति भी कक्ष नियंत्रक द्वारा नहीं दी जाएगी। इसके लिए उन्हें सख्त निर्देश दिए गए हैं। यूपीएससी ऑब्जर्वर प्रियंका शुक्ला एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने यूपीएससी परीक्षा के संबंध में बैठक ली। इस दौरान केंद्राध्यक्षों को नियमों की जानकारी देते हुए सख्ती से इनके पालन के लिए निर्देशित किया गया। अभ्यर्थी केवल काले कलर की बॉल पेन ही उपयोग कर सकेंगे। पहली पाली में सुबह 9 बजे और दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे एंट्री बंद कर दी जाएगी। परीक्षा केंद्र के 500 मीटर की परिधि में ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखने कहा गया है। प्रतिबंधित गतिविधियां होने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# भारतमाला परियोजना की मुआवजा राशि हड़पने शातिर ने महासमुंद बैंक में खुलवाए थे कई अकाउंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतमाला परियोजना भू-अधिग्रहण मुआवाजा राशि घोटाला मामले की जांच कर रही एसीबी, ईओडब्लू की टीम ने अपनी जांच में पाया है कि घोटाले का मास्टर माइंड हरमीत सिंह खनूजा ने घोटाला करने दो दर्जन से ज्यादा बैंक अकाउंट खुलवाया था। हरमीत ने जिन किसानों के नाम से मुआवाजा राशि में घोटाला किया था, उसने उन्हीं किसानों के नाम पर महासमुंद स्थित आईसीआईसीआई बैंक में अकाउंट खुलवाया था। किसानों के नाम पर रकम आने के बाद उसने किसानों को चंद पैसे देकर उनके अकाउंट में आए पैसों को अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराकर ठगी की है। भारतमाला परियोजना मुआवजा राशि घोटाला मामले में गिरफ्तार हरमीत सिंह खनूजा की ईओडब्लू, एसीबी की स्पेशल कोर्ट में जमानत की अर्जी लगी थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में तर्क देते हुए बताया कि हरमीत स्थानीय है, इस वजह से वह फरार नहीं होगा। बचाव पक्ष के वकील ने हरमीत को राजनीतिक द्वेश के कारण झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाते हुए कोर्ट से जमानत का लाभ देने अवेदन पेश किया था।

### इसलिए जमानत आवेदन खारिज

अभियोजन पक्ष के वकील मिथिलेश वर्मा ने कोर्ट को जानकारी देते हुए बताया कि हरमीत ने जिन किसानों के नाम से फर्जी तरीके से मुआवजा राशि ली है, उसने महासमुंद के आईसीआईसीआई बैंक में उन किसानों के नाम से अकाउंट खुलवाया था। आरोपी को जमानत का लाभ दिए जाने पर अभियोजन पक्ष के वकील ने गवाहों को प्रभावित करने के साथ साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ करने की आशंका व्यक्त करते हुए जमानत का लाभ नहीं देने तर्क प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने हरमीत सिंह का जमानत आवेदन खारिज कर दिया।

### किसानों के बयान दर्ज

हरमीत सिंह ने जिन किसानों के नाम से फर्जीवाड़ा कर मुआवाजा राशि घोटाला किया है। ईओडब्लू तथा एसीबी के अफसर उन किसानों से बयान दर्ज कर रहे हैं। ज्यादातर किसानों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक किसानों ने अपने बयान में हरमीत सिंह द्वारा उन्हें झांसे में लेकर अकाउंट खुलवाने की जानकारी दी है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 23.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक कमलचंद जैन पिता/पति नेमीचंद जैन निवासी अवंति विहार रायपुर द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 496/7 रकबा 0.150 हेक्टेयर के नक्शा बटांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 28.03.2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के नक्शा बटांकन हेतु स्थल निरीक्षक मेरे द्वारा दिनांक 10.06.2025 को 1:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक, रायपुर - 09**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 202505114300017 / 171
वर्ष 2024-25
नवीनीकरण अ-20 (1)
पेशी दिनांक 03/06/2025

**// ईश्तहार //**

**एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश कुमार श्रीवास पिता नंद कुमार श्रीवास निवासी पुजारी नगर, टिकरापारा रायपुर (छ.ग.) के द्वारा इस आशय से आवेदन पेश किया है कि मौजा गभरापारा रायपुर स्थित ब्लाक नंबर 105 भूखण्ड क्रमांक 1/38 रकबा 387 वर्गफीट भूमि** आवेदक के नाम पर दर्ज है पट्टे की अवधि समाप्त हो चुकी है। जिसके नवीनीकरण हेतु आवेदक द्वारा दस्तावेज संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 03.06.2025 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 15/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि, मेरे पक्षकार श्री सैय्यद अकरम अली उम्र-26 वर्ष, पिता सैय्यद शब्बीर अली निवासी- नूरानी चौक, राजातलाब रायपुर छ.ग. ने विक्रेता गण सर्वश्री शेख शमसुद्दीन पिता- जैनुददीन पता मौदहापारा रायपुर छ. ग. श्रीमती बदरून निशा पति स्व. शेख कमरूददीन, श्री अब्दुल हक, पिता अब्दुल खालिद पता-बैजनाथपारा, शेख इकरामुददीन पिता शेख इमामुददीन पता मौदहापारा रायपुर, अब्दुल मजीद पिता शेख अहमद पता राजातलाब रायपुर छ. ग. परवीन निशा फिरदौस आफरीन पिता कमरूद्दीन, पता मौदहापारा रायपुर छ. ग. शेख सिराजुददीन पिता शेख कमरूद्दीन पत्ता मौदहापारा रायपुर छ.ग. के उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम-कांदुल, ख.नं. 110/32, रकबा -0.0510 हे. याने कि, 100x44 = 5,500 व.फू. खुली भूमि है, प.ह.नं.83.83, को क्रय किये जाने हेतु पक्का सौदा किया गया है,। अतः उपरोक्त संव्यवहार अथवा उसके किसी भाग के स्वतः हित अंश के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, शासकीय, अर्धशासकीय, बैंक आदि को यदि कोई आपत्ति, उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज नीचे दर्शित पते पर आपत्ति प्रस्तुत करें अथवा प्रेषित करें। बाद मियाद प्रस्तुत आपत्ति उक्त संव्यवहार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा मेरे पक्षकारगण उक्त इकरारशुदा भूमि का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करवाने के लिये स्वतंत्र होगें ।

**सो सूचना जानें।**

**रायपुर छ. ग.**
**दिनांक- 23-05-2025**

भवदीय

**एम. एस. अंसारी अधिवक्ता,**
इंद्रावती कालोनी रोड, पुराना राजातलाब रायपुर छ.ग., मो. 9826161937-

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmultispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# टीओडी बदला, सोलर प्लांटों को बड़ा झटका, आयोग में सुनवाई भी अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

अपने प्रदेश में भी सोलर प्लांट को बढ़ाना देने का काम हो रहा है। अब तो कई उद्योग भी सोलर प्लांट लगा रहे हैं, ताकि उनको सस्ती बिजली मिल सके। इसी बीच यह बात सामने आ रही है कि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने टाइम ऑफ डे (टीओडी) में जो बदलाव किया है, उससे जहां सोलर प्लांटों को बड़ा झटका लगा है, वहीं उद्योग भी परेशानी में हैं।

सोलर प्लांट संचालकों ने इसके खिलाफ बिजली नियामक आयोग में याचिका भी लगाई है, लेकिन वहां पर इस समय दो सदस्यों के पद खाली होने के कारण सुनवाई भी नहीं हो पा रही है। संभावना है कि अगले माह तक सदस्यों की नियुक्ति के बाद सुनवाई होगी, तो कोई फैसला आएगा। बिजली के लिए पॉवर कंपनी ने टीओडी बनाकर रखा है। पहले इस टीओडी में सुबह 6 से लेकर शाम के 6 बजे तक के समय को सामान्य समय माना जाता था। शाम के 6 से लेकर रात के 11 बजे को पीक आवर माना जाता था। रात के 11 से लेकर सुबह 6 बजे तक के समय को ऑफ पीक माना जाता था, लेकिन अब इसको बदल दिया गया है। अब सुबह 9 से लेकर शाम 5 बजे तक को ऑफ पीक कर दिया गया है। इसी तरह से शाम 5 से लेकर 11 बजे तक के समय को पीकआवर और रात के 11 से लेकर सुबह के 9 बजे तक के समय को सामान्य समय माना जा रहा है।

## उद्योगों को अब रात में सस्ती मिलने वाली बिजली भी हो गई है महंगी

### उद्योगों को भी बड़ा झटका

प्रदेश में उद्योग 24 घंटे चलते हैं। ऐसे में उद्योगों को रात में 20 फीसदी सस्ती बिजली मिल जाती थी, लेकिन अब रात में पीक आवर होने के कारण रात की बिजली 20 फीसदी तक महंगी हो गई है। उद्योगों को इसके कारण परेशानी हो रही है। राजधानी के मिनी स्टील प्लांट से लेकर अन्य उद्योगों का कहना है कि वैसे ही बिजली महंगी है और फिर से नए सत्र में बिजली के महंगे होने की संभावना है ऐसे में टीओडी के कारण और परेशानी हो रही है।



### सुनवाई भी अटकी

टीओडी को पहले जैसा करने के लिए सोलर संचालकों ने बिजली नियामक आयोग में याचिका लगाई है, लेकिन बीते साल से ही आयोग में दो सदस्यों के पद खाली होने के कारण इस पर अब तक सुनवाई नहीं हो सकी है। सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। संभावना है कि अगले माह तक सदस्यों की नियुक्ति हो जाएगी। इसके बाद सबसे पहले तो बिजली के नए टैरिफ पर ही सुनवाई होगी और फिर बाद में ही सोलर संचालकों की याचिका पर कोई फैसला हो पाएगा।

### नहीं हो रहा है बिजली का पूरा उपयोग

सोलर प्लांट संचालकों का कहना है कि पहले दिन का समय सामान्य होने के कारण दिन और रात में बिजली का पूरा उपयोग हो जाता था। लेकिन अब इसका पूरा उपयोग नहीं हो रहा है, क्योंकि रात की बिजली में सोलर की बिजली को एडजस्ट नहीं किया जा रहा है। बची हुई बिजली व्यर्थ जा रही है। सोलर से जितनी बिजली बनती है, उसको बिजली बिल के साथ एडजस्ट करते हैं। लेकिन दिन की खपत में ही इसको एडजस्ट किया जा रहा है, रात की खपत में एडजस्ट नहीं कर रहे हैं, क्योंकि रात के समय में पीक आवर रहता है।

## खबर संक्षेप



### सभी वार्डों का एक्शन प्लान प्रस्ताव बनाने दिए निर्देश

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने निगम के सभी जोन कमिश्नरों और कार्यपालन अभियंताओं की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी 70 वार्डों का एक्शन प्लान प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने वार्ड एक्शन प्लान नियमानुसार निविदा आमंत्रण के माध्यम से कार्यवाही पश्चात इनपेनल्ड किए गए 8 कंसल्टेंट के सहयोग और वार्ड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पार्षद के सुझाव एव समन्वय से वार्ड क्षेत्र की व्यवहारिक आवश्यकता के अनुसार तैयार करके प्रारंभिक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। बैठक में निगम अपर आयुक्त विनोद पांडेय, मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, निगम मुख्यालय कार्यपालन अभियंताओं सहित 8 इनपेनल्ड कंसल्टेंट उपस्थित रहे।

### दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में समाधान शिविर लगा



**रायपुर।** सुशासन तिहार के तहत शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में समाधान शिविर लगाया गया। यह शिविर जोन 7 के 7 वार्डों की जनता के लिए लगाया गया था। शिविर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, आयुक्त विश्वदीप एवं एमआईसी सदस्यों सहित निगम क्षेत्र के पार्षद, जोन अध्यक्ष भी मौजूद रहे। इस जोन क्षेत्र में 11 अप्रैल तक शिविर में किए गए मांग, शिकायत सहित अन्य आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान लोगों के आवेदन पर तत्काल लर्निंग लाईसेंस, ड्रायविंग लाईसेंस, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमकार्ड तत्काल बनाकर दिए गए। शिविर में विभिन्न विभागों के समाधान के लिए स्टॉल भी लगाए गए थे।

### पीएससी मेंस का शेड्यूल जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा पीएससी मुख्य परीक्षा का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया गया है। 26 से 29 जून तक मुख्य परीक्षाओं का आयोजन होगा। प्रवेशपत्र 10 दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। रायपुर सहित सभी जिला मुख्यालयों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कैंडिडेट्स ही इसमें शामिल होने के लिए पात्र होंगे।

### उप अभियंता भर्ती के लिए आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** व्यापम द्वारा जल संसाधन विभाग के अंतर्गत उप अभियंता के 30 पदों के लिए बीते दिनों विज्ञापन निकाला गया था। इसमें सिविल, विद्युत और यांत्रिकी के पद शामिल हैं। इन पदों के लिए आवदेन प्रारंभ कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी 20 जून तक आवेदन कर सकेंगे। 21 से 23 जून तक का समय त्रुटि सुधार के लिए मिलेगा। 20 जुलाई को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## कई योजनाओं के माध्यम से आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने अनोखी पहल

# नियमानुसार खानपान की जानकारी के साथ बड़ी बीमारियों में राहत दे रहा आयुष विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बदलती जीवनशैली के बीच लोगों को निरोग रहने खानपान की जानकारी के साथ बीमारियों से जूझ रहे लोगों को शारीरिक और मानसिक राहत प्रदान करने आयुष विभाग विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को राहत देने के साथ विभाग आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने अनोखी पहल कर रहा है, जिसका लाभ भी बड़ी संख्या में लोग उठा रहे हैं।

आयुष विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से रूबरू होने संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास एवं केंद्रीय आयुष विभाग दिल्ली से आए डा. अरुण के नेतृत्व में पीआईबी के साथ मीडिया प्रतिनिधियों ने भिलाई, दुर्ग और गरियाबंद जिले के कुछ आयुष्मान अस्पतालों और आरोग्य मंदिरों का दौरा किया। विभाग द्वारा संचालित आयुष्मान अस्पतालों में विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के साथ काफी संख्या में गर्भवती महिलाएं आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को अपनाकर स्वास्थ्य लाभ लेती नजर आईं। इसके अलावा आरोग्य मंदिरों के माध्यम से मरीजों को योग की महत्ता के पंचकर्म सहित अन्य थेरेपी से इलाज कराने भी लोगों की भीड़ लगी रही। मरीजों का यह भी कहना था कि आयुर्वेद के जरिए उनकी बीमारियां कम होने के साथ जीवनशैली में भी बदलाव आया है। आयुष विभाग द्वारा हर वर्ग के मरीजों को ध्यान में रखते हुए उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए योजना का संचालन कर रहे हैं। आयुष अस्पतालों में गुरुवार को इसके तहत सियान जतन क्लीनिक का आयोजन भी किया जाता है।

## बीमारियां कम होने के साथ जीवनशैली में भी बदलाव

### कायाकल्प योजना

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए 'आयुष कायाकल्प' कार्यक्रम को सशक्त रूप से लागू किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, साफ-सफाई, बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण और रोगियों की संतुष्टि सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष केंद्रों को 'कायाकल्प मानक' के अनुसार मूल्यांकन कर रैंकिंग दी जाती है, जिससे उनमें प्रतिस्पर्धा और सेवा की गुणवत्ता में सुधार होता है।





*टेली मेडिसिन के जरिए परामर्श : टेलीमेडिसिन कार्यक्रम के तहत मरीज अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, फोन कॉल या मोबाइल ऐप्स के जरिए सलाह लेकर स्वास्थ्य का लाभ ले रहे हैं। कार्यक्रम अंतर्गत वर्तमान में 156 आयुष संस्थाओं में टेली मेडिसिन की सेवाएं संचालित की जा रही है, जिसे चरणबध्द तरीके से संपूर्ण आयुष संस्थाओं में विस्तारित किया जावेगा। अब तक 1078 हितग्राहियों को टेली मेडिसिन के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया है।*

### दर्द से राहत दे रहा पेलियेटिव केयर

आयुष पेलियेटिव केयर राज्य के रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव और बस्तर पिछले पांच माह से संचालित किया जा रहा है। पलियेटिव केयर एक विशेष प्रकार की चिकित्सीय सेवा है, जिससे जीवन को संकटपूर्ण रोगों जैसे कि कैंसर, हृदय रोग, गुर्दे की विफलता जूझ रहे मरीजों को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक राहत प्रदान किया जाता है। पलियेटिव केयर में दर्द प्रबंधन, लक्षणों की देखभाल, मानसिक सहयोग और परिवार को परामर्श देने जैसी सेवाएं शामिल होती हैं।

# रविवि ने बदला सेमेस्टर परीक्षाओं का समय, अब छात्रों को नहीं उठना पड़ेगा तड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- प्रथम पाली की परीक्षा अब 7 बजे के स्थान पर 8 बजे से होगी शुरू
- द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 1 से 4 बजे तक, आदेश जारी

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने अंततः सेमेस्टर परीक्षाओं के समय में बदलाव कर दिया है। ऐसा छात्रों द्वारा लगातार किए जा रहे विरोध-प्रदर्शन के बाद किया गया है। अब प्रथम पाली की परीक्षाएं सुबह 7 बजे के स्थान पर 8 बजे से शुरू होगी। छात्रों को अब तड़के नहीं उठना पड़ेगा।

रविवि द्वारा समय-सारिणी जारी किए जाने के बाद से ही इसका विरोध हो रहा था। छात्रों का कहना था कि सुबह 7 बजे परीक्षाएं प्रारंभ होने की स्थिति में उन्हें 6.30 बजे केंद्र पहुंचना होगा। इसके लिए घर से तड़के निकलना आवश्यक है। कई छात्र दूरस्थ क्षेत्रों से परीक्षा दिलाने आते हैं। ऐसे में सर्वाधिक तकलीफ उन्हें ही होगी। छात्रों ने लगातार विरोध करते हुए प्रशासनिक भवन का ताला भी तोड़ दिया था। परीक्षार्थियों की समस्या को देखते हुए अंततः रविवि ने समय में बदलाव कर दिया है। प्रथम पाली की परीक्षा 8 बजे से शुरू होकर 11 बजे तक चलेगी। द्वितीय पाली की परीक्षा के समय में भी बदलाव किया गया है। पूर्व में द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित होने वाली थी। अब यह परीक्षा दोपहर 1 बजे से शुरू होकर 4 बजे तक चलेगी। महाविद्यालयों को समय संशोधन की सूचना प्रेषित कर दी गई है।

### कॉमर्स के पर्चे दूसरी पाली में

रविवि द्वारा अधिकतर विषयों की परीक्षाएं प्रथम पाली में ही रखी गई है। बड़ी संख्या में छात्र इससे प्रभावित हो रहे थे, इसलिए पूर्व समय का विरोध भी बड़े पैमाने पर हुआ। दूसरी पाली में कॉमर्स के पर्चे रखे गए हैं। गौरतलब है कि गत सत्रों में रविवि द्वारा तीन पालियों में परीक्षाओं का आयोजन किया जाता था। इससे प्राध्यापकों को लगभग 12 घंटे की ड्यूटी करनी पड़ती थी। बीते सत्र से इसमें बदलाव करते हुए सिर्फ दो पालियों में ही परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी इस पैटर्न को फॉलो करते हुए दो पाली में ही परीक्षाएं ली जा रही हैं।

# ओपन स्कूल के परिणाम घोषित, लड़कियां आगे 10वीं में 60% तो 12वीं में 70% छात्र उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- दसवीं की परीक्षा में शामिल हुए थे 35 हजार 579 छात्र
- 42 हजार 137 विद्यार्थियों ने दिलाई थी बारहवीं की परीक्षा

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। दोनों ही कक्षाओं में लड़कियों ने बाजी मारी है। लड़कियों के पास होने का प्रतिशत लड़कों की तुलना में अधिक है। बारहवीं का परीक्षा परिणाम दसवीं की तुलना में अच्छा रहा है। दसवीं कक्षा के परिणाम 59.17% रहे, जबकि बारहवीं कक्षा के नतीजे 69.73% रहे हैं। मार्च-अप्रैल में दोनों कक्षाओं की परीक्षा आयोजित की गई थी। परिणाम ओपन स्कूल की वेबसाइट में अपलोड कर दिए गए हैं।

दसवीं कक्षा में 10 छात्रों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। वहीं बारहवीं में ऐसे छात्रों की संख्या दसवीं से तीन गुना अधिक 31 है, जिनके नतीजे रोके गए हैं। सूत्रों के अनुसार, इनमें से कुछ छात्रों के परिणाम नकल संबंधित प्रकरण के चलते रोके गए हैं तो कुछ के नतीजे प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक प्राप्त नहीं होने सहित अन्य कारणों से रोके गए हैं। निराकरण पश्चात ये नतीजे जारी होंगे।




### दसवीं : प्रथम श्रेणी में 8441 छात्र

37,589 छात्रों ने दसवीं कक्षा के लिए फॉर्म भरा था। इनमें से 35 हजार 579 ने परीक्षा दिलाई। शेष अनुपस्थित रहे। इनमें से 8441 छात्र प्रथम श्रेणी में, 7339 छात्र द्वितीय श्रेणी में, 5164 छात्र तृतीय श्रेणी में रहे हैं। 105 छात्र बगैर श्रेणी केवल उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। इस तरह 21,049 अर्थात 59.17% छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 59.94% तथा बालकों का प्रतिशत 58.61% रहा है। 15128 लड़कियां तथा 20451 लड़कों ने ओपन स्कूल दसवीं की परीक्षा दिलाई थी।

### बारहवीं : सर्वाधिक छात्र द्वितीय श्रेणी में

ओपन स्कूल की हायर सेकंडरी की परीक्षा में शामिल होने के लिए 43898 छात्रों ने आवेदन किया था। इनमें से 42137 ने परीक्षा दिलाई। परीक्षा दिलाने वाले अभ्यर्थियों में 21974 लड़के तथा 20163 लड़कियां रहीं। लड़कियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 70.66% तथा लड़कों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 68.89% रहा। बारहवीं में प्रथम श्रेणी में 9721, द्वितीय श्रेणी में 10676, तृतीय श्रेणी में 6085 तथा केवल उत्तीर्ण श्रेणी में 254 छात्र रहे हैं। परीक्षा दिलाने वाले छात्रों में से 26736 ने सफलता हासिल की है, जो कुछ छात्रों का 69.73% है।

# चुपके से बढ़ा यूजर चार्ज, महापौर बोली- करूंगी चर्चा, विरोध में विपक्ष, कमिश्नर ने कहा- दो दिन में पता चल जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर नगर निगम प्रशासन ने मई से अचानक यूजर चार्ज बढ़ा दिया है, जिसके बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 के संपत्ति कर में बढ़ा हुआ यूजर चार्ज जोड़ा जाने लगा है। इधर यूजर चार्ज के बढ़ाए जाने का विपक्ष कांग्रेस ने विरोध किया है।

नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि एक ओर जहां शहर में सफाई-बिजली व्यवस्था से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर यूजर चार्ज बढ़ा दिया गया है, जो सरासर जनता के साथ अन्याय है। इधर महापौर मीनल चौबे ने यूजर चार्ज बढ़ाए जाने पर कहा कि इसकी उन्हें जानकारी नहीं है, अगर यूजर चार्ज बढ़ा है, तो इस विषय पर आयुक्त से चर्चा करेंगी वहीं निगम आयुक्त विश्वदीप ने दो दिन के बाद यूजर चार्ज को लेकर स्थिति क्लीयर होने की बात कही है।

### विरोध के बीच 2019 में शुरू हुआ था यूजर चार्ज लेना

निगम क्षेत्र में यूजर चार्ज वर्ष 2019 से लिया जा रहा है। इसके लिए सबसे पहले वर्ष 2017 में राजपत्र में प्रकाश किया गया था। इस प्रकाशन के अनुसार हर तीन साल में यूजर चार्ज में वृद्धि किए जाने का प्रावधान है। इसके तहत सबसे पहले 30 रुपए प्रति माह यूजर चार्ज लिया जा रहा था। तीन साल बाद इसमें 10 रुपए की वृद्धि की गई। इस तरह प्रतिमाह 40 रुपए यूजर चार्ज लिए जाने लगा। इस तरह सालाना यूजर चार्ज के रूप में 480 रुपए लिया जा रहा था। निगम प्रशासन ने यूजर चार्ज में अब करीब 20 रुपए की वृद्धि कर दी है, जिसके बाद यूजर चार्ज बढ़कर प्रतिमाह 60 रुपए हो गया है, जो सालाना 720 रुपए तक पहुंच गया है।





### दो दिन में पता चल जाएगा

यूजर चार्ज बढ़ाया गया है या नहीं, और बढ़ा तो कितना बढ़ा, यह दो दिन के बाद क्लीयर हो जाएगा।

- विश्वदीप, आयुक्त, नगर निगम

### जनता से जुड़ा है मुद्दा, चर्चा करूंगी

यूजर चार्ज बढ़ा है, इसकी जानकारी नहीं है। एमआईसी में लाया जाना चाहिए प्रस्ताव। यूजर चार्ज सीधे जनता से जुड़ा मुद्दा है, इसलिए इस पर आयुक्त से चर्चा करूंगी।

- **मीनल चौबे**, महापौर, नगर निगम

### जनता के साथ अन्याय

यूजर चार्ज बढ़ाना जनता के साथ अन्याय है। शहर में एक ओर जहां जनता सफाई और बिजली की व्यवस्था से परेशान है, वहीं दूसरी ओर यूजर चार्ज बढ़ाकर लोगों के साथ अन्याय किया जा रहा है। यूजर चार्ज की दरों में भी भारी विसंगतियां हैं।

- **आकाश तिवारी**, नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम

### एमआईसी की मंजूरी के बगैर मनमाने बढ़ा दिया गया

यूजर चार्ज में कितने प्रतिशत राशि बढ़ाई गई है, इसकी जानकारी एमआईसी सदस्यों को भी नहीं है। यानी इससे संबंधित कोई प्रस्ताव भी एमआईसी में न लाया गया और न ही पारित किया गया। इस तरह बगैर एमआईसी की मंजूरी के यूजर चार्ज मनमाने रूप से बढ़ा दिया गया है।

### निगम के साफ्टवेयर में अपडेट यूजर चार्ज

निगम के साफ्टवेयर में यूजर चार्ज को बढ़ाकर अपडेट कर दिया गया है, जिससे अब संपत्ति कर का भुगतान करने वाले को यूजर चार्ज भी बढ़ी दर पर भुगतान करना पड़ रहा है।

# घड़ी चौक से आज निकलेगी सिंदूर शौर्य यात्रा, निगम गार्डन में होगी सभा

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच ने सिंदूर शौर्य यात्रा एवं सभा का शनिवार को आयोजन किया है। यह यात्रा नगर घड़ी चौक से शाम 5 बजे प्रारंभ होगी। यात्रा का समापन नगर निगम मुख्यालय के उद्यान में होगा, जहां सभा भी होगी। मंच के पदाधिकारियों का कहना है कि आपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता से संपूर्ण भारतीय समाज गौरवान्वित है। राष्ट्रप्रेमी नागरिकों के लिए भारतीय सेना के इस अद्भुत साहस एवं पराक्रम का स्वागत-अभिनंदन करने, उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने तथा उनका उत्साहवर्धन करने सिंदूर शौर्य यात्रा एवं सभा में सम्मिलित हों। महिलाओं को खासतौर पर आमंत्रित किया गया है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

# महादेवा किआ में लॉन्च हुई 'किआ कैरेन्स क्लैविस'

**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित अंबुजा मॉल के पास महादेवा किआ में शुक्रवार को 'किआ कैरेन्स क्लैविस' का भव्य लॉन्च किया गया। इस नई प्रीमियम फैमिली कार की लॉन्चिंग को लेकर ग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिला। किआ इंडिया द्वारा पेश की गई कैरेन्स क्लैविस एक ऐसी 3-रो प्रीमियम फैमिली कार है, जो एमपीवी और एसयूवी दोनों सेगमेंट के बीच का आदर्श संतुलन प्रस्तुत करती है। कैरेन्स क्लैविस में 67.62 सेमी का ड्यूल पैनोरमिक डिस्प्ले, 64-कलर एम्बिएंट लाइटिंग, बोस का 8-स्पीकर साउंड सिस्टम, ड्यूल-पेन सनरूफ और वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स जैसे फीचर्स हैं। तीसरी पंक्ति तक वन-टच इलेक्ट्रिक टंबल सीट्स और वॉक-इन लीवर जैसी सुविधाएं लंबे सफर को आरामदायक बनाती हैं। सुरक्षा की दृष्टि से यह कार सेफ्टी फीचर्स से लैस है, जैसे 6 एयरबैग्स, 360 डिग्री कैमरा, रियर क्रॉस ट्रैफिक अलर्ट और ब्लाइंड व्यू मॉनिटर।

- बोल्ड डिजाइन, हाईटेक फीचर्स और फैमिली के लिए परफेक्ट कार



# डॉ. छत्रपाल वट्टी के न्यू लाइफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड पेन सेंटर में सभी प्रकार के दर्द का इलाज



**रायपुर।** अग्रोहा कॉलोनी रायपुरा स्थित डॉ. छत्रपाल वट्टी का न्यू लाइफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड पेन सेंटर छत्तीसगढ़ का एकमात्र समर्पित सुपर स्पेशलिटी दर्द निवारण केंद्र बनकर उभरा है। यह अस्पताल बिना चीरफाड़ और बिना ऑपरेशन के हर प्रकार के पुराने और जटिल दर्द का इलाज करने के लिए जाना जाता है।

सिरदर्द, सायटिका, कमर दर्द, स्लीप डिस्क, गर्दन व कंधे का दर्द, घुटनों का दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, एड़ी का दर्द और कैंसर से संबंधित पीड़ा जैसे जटिल मामलों में यहां सफल इलाज संभव है। कई मरीजों के दर्द का सफल उपचार इंजेक्शन के माध्यम से किया जा चुका है। हॉस्पिटल में अत्याधुनिक तकनीकों द्वारा इलाज किया जाता है, जिनमें ओजोन थैरेपी, पीआरपी, सिम्पेथेटिक ब्लॉक, नर्व ब्लॉक्स, नर्व एबलेशन, प्रोलो थैरेपी, फ्लोरोस्कोपिक गाइडेड इंटरवेंशन, फेसेट ब्लॉक्स, नी और शोल्डर ब्लॉक्स जैसी सेवाएं शामिल हैं।



Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



मानसून का सीजन करीब आते ही बारिश की बौछार से बचाने वाले सामान की दुकानें सजने लगी हैं। मालवीय रोड, जवाहर बाजार में दुकानों पर छतरी, रेनकोट, बैग कवर, मोटर बाइक-कार कवर, तिरपाल पन्नी आदि वाटरप्रूफ वियर्स नजर आने लगे हैं। ऐसे में शहर में वाटरप्रूफ वियर्स मार्केट की तैयारियों व सामान की उपलब्धता, रेंज, वैरायटीज समेत जरूरी जानकारी जुटाने हरिभूमि की टीम ने होलसेल व चिल्हर विक्रेताओं से बातचीत की।

# बरसात से पहले वाटरप्रूफ वियर्स का मार्केट तैयार, भीगने से बचाएंगे स्टाइलिश जैकेट्स, छतरी, रेनकोट, बैग कवर

## थोक व्यापारियों की तैयारी पूरी, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई से मंगाए वाटरप्रूफ वियर्स

**रायपुर।** मालवीय रोड जवाहर बाजार के सामने वाटरप्रूफ वियर्स व सामग्री के चिल्हर एवं थोक विक्रेता गोविंद अग्रवाल ने बताया कि बरसाती बाजार के मद्देनजर बच्चों, बड़ों के वाटरप्रूफ वियर्स रेनकोट, छतरी के अलावा बैग कवर्स दिल्ली, कोलकाता, मुंबई से मंगा लिए हैं। अभी से वाटरप्रूफ वियर्स के लिए इक्का-दुक्का ग्राहक पहुंचने लगे हैं। इसमें स्कूली बच्चों के लिए वाटरप्रूफ वियर्स, बैग लेने पैरेंट्स शॉप पर आ रहे हैं। जून के दूसरे सप्ताह से वाटरप्रूफ वियर्स की बाजार में रौनक नजर आएगी। वहीं जवाहर बाजार में वाटरप्रूफ बैग्स व छतरी के होलसेल व चिल्हर व्यापारी तमिल तांडी ने बताया कि हमारे पास छतरियों की सभी रेंज व कलर-प्रिंट में हर टाइप की छतरी उपलब्ध है। बरसात के मौसम को देखते हुए थोक सामान महीनेभर पहले ऑर्डर देकर मंगाना पड़ता है, नहीं तो सामान की शार्टेज पड़ जाती है। इस परेशानी से बचने व ग्राहकों को उनकी मनमाफिक रेंज, डिजाइन की छतरी व कंफर्ट वाटरप्रूफ बैग्स उपलब्ध कराने पूरी तैयारी कर ली गई है।

### ट्रांसपैरेंट और पैराशूट रेनकोट का चलन

व्यापारियों ने बताया कि आमतौर पर वाटरप्रूफ वियर्स में ट्रांसपैरेंट, पैराशूट टाइप के रेनकोट का चलन अधिक रहता है। इसमें महिलाओं के लिए प्रिंटेड में फूल साइज ऑफिस कंफर्ट रेनकोट ट्रांसपैरेंट वैरायटी में 600 से 1000 रुपए तक कीमत पर उपलब्ध है। वहीं मेन्स के लिए ट्रांसपैरेंट, पैराशूट दोनों टाइप में प्लेन प्रिंट में 5 से 6 कलर्स में 600 से 1500 रुपए कीमत तक के रेनकोट आए हुए हैं। छोटे बच्चों के लिए तीन सौ रुपए में रेनकोट फुटकर बाजार में उपलब्ध हैं। वहीं ब्रांडेड रेनकोट की कीमत छह सौ से आठ सौ रुपए के बीच है।



### यूथ-किड्स च्वॉइस की सभी रेंज

*कारोबारी ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी बारिश से बचने के साथ स्टाइलिश लुक के लिए भी रेनकोट पहनती है। ये रेनकोट प्लेन, फ्लॉवर प्रिंट, कार्टून प्रिंट, पॉकेट समेत कई साइज में उपलब्ध हैं। इनकी रेंज भी अलग-अलग है। इस साल नियॉन कलर के साथ रेनकोट में पीला, लाल, काला, ब्राउन, पिंक, ब्लू और नेवी ब्लू कलर खासतौर पर मंगाया गया है। बच्चों के लिए भी रंगबिरंगे छाते और रेनकोट बाजार में उपलब्ध हैं, जो अलग-अलग थीम पर उनकी च्वॉइस के हैं।*



### इस बार सतरंगी फैंसी नेट अंब्रेला है खास

*मालवीय रोड के दुकानदारों ने बताया कि फैंसी अंब्रेला मई के अंत में और जून की शुरुआत में ही लोग खरीदकर रख लेते हैं। इस बार नेट वाला अंब्रेला बाजार में पहुंचा है। वैसे तो कई प्रकार की रंगबिरंगी छतरियां दिख रही हैं, लेकिन इसमें फ्लॉवर प्रिंट, कार्टून प्रिंट और सतरंगी नेट वाले अंब्रेला की डिमांड सबसे अधिक बताई जा रही है। इस अंब्रेला की कीमत 200 से 600 रुपए तक है। क्वालिटी और छतरी की साइज के हिसाब से कीमत तय की गई है।*

### रेन-हार्डशेल जैकेट



रेन जैकेट आमतौर पर हल्की और पोर्टेबल होती है और बारिश से बचाने के लिए डिजाइन की जाती है। वहीं हार्डशेल जैकेट भारी बारिश के लिए बेहतर और अधिक टिकाऊ होती है। इसकी बाजार में कीमत 2 हजार तक है।

### बाइक-कार रेन कवर, तिरपाल पन्नी की डिमांड बढ़ी

*व्यापरियों ने बताया कि बाजार में 200 से 500 रुपए तक की कीमत पर बाइक, कार रेन कवर उपलब्ध हैं। वहीं तिरपाल-पन्नी की भी बाजार में खरीदारी करते हुए लोग नजर आ रहे हैं।*

*आमतौर पर बाइक हो या कार, बारिश से बचाने ज्यादातर लोग रेन कवर का इस्तेमाल करते हैं। जबकि बारिश से पहले तिरपाल व पन्नी की डिमांड बढ़ जाती है।*

---

## जॉब लाइव

# सीआईएसएफ में हेड कॉन्स्टेबल जीडी पदों पर आवेदन शुरू, अंतिम तिथि 6 जून तक

**रायपुर।** सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स की ओर से ओर से स्पोर्ट्स कोटा के तहत हेड कॉन्स्टेबल/ जनरल ड्यूटी (जीडी) के रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 18 मई से स्टार्ट की जा चुकी है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 6 जून 2025 तक जारी रहेगी। पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी तय तिथि के अंदर इस भर्ती के लिए फॉर्म भर सकते हैं। ध्यान रखें कि आवेदन केवल ऑनलाइन ही किया जा सकता है, अन्य किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। साथ ही अभ्यर्थी ने संबंधित खेल में राज्य/ राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया हो। हेड कॉन्स्टेबल पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 1 अगस्त 2025 को ध्यान में रखते हुए 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 23 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात उम्मीदवार का जन्म 2 अगस्त 2002 से 1 अगस्त 2007 के बीच हुआ हो।

CISF
संरक्षण एवं सुरक्षा

### स्वयं से भर सकते हैं फॉर्म

इस भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी एप्लिकेशन फॉर्म स्वयं ही भर सकते हैं। आपकी सहूलियत के लिए आवेदन की स्टेप्स यहां दी जा रही हैं, इनको फॉलो कर आसानी से फॉर्म भरा जा सकता है। इससे आप कैफे के अतिरिक्त चार्ज से भी बच जाएंगे।
एप्लीकेशन फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले आधिकारिक पोर्टल **cisfrectt.cisf.gov.in/index.php** पर जाएं। वेबसाइट के होमपेज पर आपको न्यू रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक कर मांगी गई डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा कर लेना है। इसके बाद अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा करें। अंत में निर्धारित शुल्क (यदि लागू हो) जमा करें। अब फॉर्म को सबमिट करके उसका एक प्रिंटआउट निकालकर अपने पास सुरक्षित रख लें।

### अभ्यर्थियों का शुल्क 100 रुपए

इस भर्ती में आवेदन के साथ जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग से आने वाले अभ्यर्थियों को शुल्क के रूप में 100 रुपए का भुगतान करना होगा। आवेदन फीस ऑनलाइन माध्यम से जमा की जा सकती है। एससी, एसटी वर्ग एवं सभी वर्ग की महिला अभ्यर्थी इस भर्ती में शामिल होने के लिए पूर्ण रूप से निशुल्क फॉर्म भर सकते हैं।

## सिटी इवेंट

# 'स्वीट क्रांति' ने बदला मधुमक्खी पालकों और किसानों का जीवन



**रायपुर।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार ने मंगलवार को इलो रोड, विले पार्ले (पश्चिम) स्थित केंद्रीय कार्यालय में 'विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया। इस बार की थीम प्रकृति से प्रेरित मधुमक्खी, सबके जीवन की पोषक पर आधारित थी। पीएम नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण श्वेत क्रांति इस स्वीट क्रांति अभियान को सशक्त करती है। इसमें सभी जिलों से आए मधुमक्खी पालक लाभार्थी, प्रशिक्षु, वैज्ञानिकों के बीच सफल मधुमक्खी पालकों, छात्रों और विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। यह न केवल तकनीकी मंच रहा, बल्कि ग्रामीण भारत के नवाचार, प्रेरणा और स्वावलंबन की मिसाल बना।

### 20 हजार मीट्रिक टन शहद का उत्पादन

मुख्य अतिथि ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 'हनी मिशन' गांवों की आजीविका का आधार है। जब 'स्वीट क्रांति' का आव्हान करते हुए एक नया रास्ता दिखाया, जिसमें शहद उत्पादन न केवल आर्थिक समृद्धि, बल्कि स्वास्थ्य समृद्धि का स्रोत बना। उनके नेतृत्व में केवीआईसी ने इस दिशा में जो काम किया है, वह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केवीआईसी द्वारा देश में 2,29,409 मधुमक्खी बक्से और मधु कॉलोनियां बांटी गईं। इससे लगभग 20,000 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन और इस वजह से मधुमक्खी पालकों को लगभग 325 करोड़ रुपए की कमाई हुई।



### ...तो जंगली पौधों की प्रजातियां संकट में होंगी

अध्यक्ष ने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में हनी मिशन से जुड़े मधुमक्खी पालकों ने करीब 25 करोड़ रुपए मूल्य का शहद विदेश निर्यात किया है। केवीआईसी की सीईओ सुश्री रूप राशि ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। वैज्ञानिकों ने बताया कि मधुमक्खियां केवल शहद उत्पादन तक नहीं, बल्कि लगभग 75 प्रतिशत खाद्य फसलों का परागण मधुमक्खियों के माध्यम से होता है। मधुमक्खी न रहे तो 30 प्रतिशत खाद्य फसलें और 90 प्रतिशत जंगली पौधों की प्रजातियां संकट में आ सकती हैं।

# स्वर्ण भूमि में कान्हा ने की नौका विहार, महिलाओं ने किया श्रृंगार

**रायपुर।** स्वर्ण भूमि में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की जिला इकाई महिला मंडल की 150 से ज्यादा महिलाओं द्वारा कान्हा के नौका विहार का शानदार आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें सभी महिलाओं ने कान्हा का विशेष श्रृंगार किया। इसके बाद प्रतीकात्मक यमुनाजी में नौका विहार कराई गई। ज्योति अग्रवाल ने बताया कि यमुना नदी में कान्हाजी को फूलों की पंखुड़ियों के बीच नौका जल विहार भजन करते हुए कराई गई। इसके चलते शाम को खुशनुमा माहौल बना। इसमें संगठन की महिलाओं ने भागीदारी निभाई। जिला अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, सारिका खेतान, ज्योति अग्रवाल के साथ मंडल की सदस्य सीता अग्रवाल, पद्मा अग्रवाल, नीतू धनोदिया, पिंकी धनोदिया, अंकिता अग्रवाल उपस्थित रहीं।





### वृंदावन थीम पर बनाया सेल्फी कार्नर

नौका विहार का आयोजन होने के कारण वृंदावन का दृश्य बनाया गया। सेल्फी कॉर्नर वृंदावन की थीम पर तैयार किया गया था। यह आयोजन संगठन की संरक्षिका अनीता अग्रवाल एवं धार्मिक आयोग की संयोजिका हेमलता बंसल की उपस्थिति में किया। इस शानदार आयोजन के लिए प्रांतीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, गंगा अग्रवाल, निधि अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना की। संगठन की महिलाओं के द्वारा सरोकार से जुड़े आयोजनों के साथ धार्मिक मान्यताओं का भी विशेष अवसर पर भक्तिभाव से निर्वहन किया गया।

# पर्यावरण की वीभत्सता विषय पर 1 जून को कार्यशाला

**रायपुर।** 'प्रकृति की ओर' सोसाइटी आगामी 1 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन कर रही है, जिसका उद्देश्य पर्यावरणीय संकटों की गंभीरता पर चर्चा करना और उनके समाधान के लिए सामूहिक दृष्टिकोण विकसित करना है। इस कार्यक्रम का विषय पर्यावरण, वीभत्सता की ओर... दर्शक की भूमिका निभाएं या इसके रोकथाम के लिए कारगर उपाय भी सोचें? इस अवसर पर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला और जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड के अध्यक्ष प्रदीप टंडन बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नितिन सिंघवी होंगे, जो एक सक्रिय पर्यावरण प्रेमी हैं और समाज को पर्यावरण के प्रति सजग करने के लिए सतत प्रयासरत हैं। यह संगोष्ठी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

### समाज की भूमिका पर करेंगे विचार-विमर्श

यह संगोष्ठी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। इसमें पर्यावरणीय समस्याओं की पहचान, उनके समाधान और समाज की भूमिका पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम वृंदावन हॉल सिविल लाइंस स्थित सायं 5.30 से 7.30 बजे तक चलेगा। सोसायटी के अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी और सचिव निर्भय धाड़ीवाल ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस जागरूकता अभियान में सहभागी बनें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाएं।

## लाइब्रेरी, कॉलेज कैंपस में म्यूजिक के साथ बुक्स रीडिंग, ग्रुप स्टडी एंड कम्युनिकेशन के लिए कर रहे इस्तेमाल

# स्टडी टाइम में डिस्टर्ब से बचने हेडफोन, ब्लूटूथ कॉलिंग स्मार्ट वॉच और ईयर बड्स का स्टूडेंट्स में बढ़ा क्रेज

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** लाइब्रेरी, कॉलेज कैंपस में पढ़ाई करते समय हर दूसरा स्टूडेंट्स कुछ न कुछ मोबाइल गैजेट्स का इस्तेमाल करता दिख जाएगा। इसकी वजह स्वयं व दूसरों के ध्यान को स्टडी टाइम में भटकने से बचाने स्टूडेंट्स अब तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके लिए उनमें मोबाइल गैजेट्स जैसे म्यूजिक हेडफोन, ब्लूटूथ कॉलिंग स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ ईयर बड्स का उपयोग प्रमुख रूप से बढ़ा है। आजकल शहर के लाइब्रेरियों ऑक्सी रीडिंग स्मार्ट सह लाइब्रेरी मोतीबाग, सेंट्रल लाइब्रेरी, नालंदा आक्सी रीडिंग जोन, जिला लाइब्रेरी में अधिकांश मेंबर्स लैपटॉप, टेबलेट, मोबाइल के अलावा म्यूजिक हेडफोन, ब्लूटूथ कॉलिंग स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ ईयर बड्स से लैस होकर आ रहे हैं। वे लाइब्रेरी में स्टडी के दौरान हेडफोन से म्यूजिक सुनने के साथ बुक्स रीडिंग कर रहे हैं। वहीं पढ़ाई करते वक्त किसी से बता करनी हो या कॉल अटेंड करना हो तो साइलेंटली ब्लूटूथ कॉलिंग स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ ईयर बड्स का उपयोग कर रहे हैं। इन मोबाइल गैजेट्स के इस्तेमाल, कीमत व उपयोगिता को लेकर शहर के अलग-अलग लाइब्रेरियों में पहुंचने वाले स्टूडेंट्स से बातचीत की गई तो इन गैजेट्स के उपयोगिता के बारे में स्टूडेंट्स का कहना है कि यह इन सभी मोबाइल गैजेट्स से उन्हें एडवांस एजुकेशन में काफी मदद मिली है। खासतौर पर बुक्स रीडिंग के समय कंसन्ट्रेशन सबसे जरूरी होता है, ब्लूटूथ कॉलिंग स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ ईयर बड्स, हेडफोन स्टडी टाइम में बाहरी गतिविधियों से प्रभावित होने से बचाने में लाजवाब है।







### स्टडी यूज गैजेट्स पर कोई रोक-टोक नहीं

ऑक्सी रीडिंग स्मार्ट सह लाइब्रेरी मोतीबाग, एनआईटी रोड, सेंट्रल लाइब्रेरी, नालंदा आक्सी रीडिंग जोन, जेएन पांडेय स्कूल कैंपस स्थित जिला लाइब्रेरी के संबंधित प्रबंधन अधिकारियों का कहना है कि पंजीकृत सदस्यों को बुक रीडिंग व उनके स्टडी यूज से संबधित तकनीकी गैजेट्स के लाने पर कोई रोक-टोक नहीं है। अपनी सुविधानुसार स्टूडेंट्स मैनुअल व तकनीकी सिस्टम का उपयोग करते हुए तैयारी कर सकते हैं।

### गैजेट्स सस्ती दरों पर बाजार में उपलब्ध

स्टूडेंट्स सिटी के मोबाइल शो रूम पहुंचकर या ऑनलाइन से म्यूजिक हेडफोन, ब्लूटूथ कॉलिंग स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ ईयर बड्स जैसे गैजेट्स सस्ते दरों पर खरीद रहे हैं। सिटी के रवि भवन मोबाइल शोरूम के संचालकों से बता किया तो 550 रुपए से लेकर 1 हजार 1500 तक म्यूजिक हेडफोन, ब्लूटूथ कॉलिंग स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ ईयर बड्स ब्रांड्स के हिसाब से अलग-अलग रेंज पर उपलब्ध हैं।

**सिटी लाइव**

## रोटरी क्लब की आहार सेवा योजना से महिला स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ क्वींस की ओर से आधिकारिक क्लब निरीक्षण का आयोजन निजी होटल में किया गया। इस मौके पर क्लब के अधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला गवर्नर अखिल मिश्रा मौजूद रहे, जिन्होंने व्याख्यान सत्र में बीते एक वर्ष के गतिविधियों की रूपरेखा पर जोर दिया। साथ ही जनसरोकार की योजना एवं समस्याओं पर अधिक जोर देने पर चर्चा की।

### सेवा ही श्रेष्ठ धर्म का संकल्प

सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने क्लाब ने आहार सेवा योजना की शुरूआत की थी, जिसमें महिला स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण और शिक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से किया जाता है। इस योजना से अब तक सैकड़ों शहरवासियों को लाभ पहुंचाया जा चुका है। शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के संदर्भ में काम किया गया है, जिनसे बेहतर शिक्षा और व्यक्तित्व का निर्माण हो सके। इस मौके पर क्लब के सदस्यों ने सेवा ही श्रेष्ठ धर्म है, भाव से संकल्प लिया और निरंतर सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने की बात कही। इस मौके पर सहायक गवर्नर सोमनाथ अग्रवाल, क्लब सलाहकार रणजीत सिंह सैनी, कार्यक्रम प्रबंधक धृति दवे, सेक्रेटरी मनप्रीत कौर, अध्यक्ष साक्षी सूरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**सिटी इवेंट**

## मरीजों के परिजनों को भोजन वितरित करते 5 साल हुए पूरे



**रायपुर।** सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के साथ आने वाले परिवार के लोगों को निशुल्क भोजन वितरित करने वाली संस्था अवाम ए हिंद को पांच वर्ष पूरे हो गए है। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों का हौसला बढ़ाने और भोजन वितरण करने महापौर मीनल चौबे सोमवार को यहां पहुंचीं। संस्था के कार्यों की सराहना कर मरीजों के परिजनों को भोजन, फल, मिष्ठान वितरित किया। सर्वधर्म जनहित एवं सरोकार से जुड़ी संस्था अवाम ए हिंद सोशल वेलफेयर कमेटी द्वारा संचालित सुपोषण अभियान अंतर्गत गरीब, असहाय, जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन वितरण करते हुए पांच साल सेवा की गई। डीकेएस और आंबेडकर अस्पताल में दूरदराज से इलाज के लिए आए परिजनों को भोजन के साथ मिष्ठान, शर्बत एवं फलों का वितरण किया।

### महापौर ने संस्था के प्रयास को सराहा

संस्थापक मो. सज्जाद खान ने महापौर मीनल चौबे का पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मान किया। बताया कि संस्था निरंतर प्रयासों से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए असहाय, निराश्रित व जरूरतमंदों को निरंतर सहायता करते हुए निशुल्क भोजन मुहैया कराने का काम बिना किसी शासकीय अनुदान के किया जा रहा है। महापौर ने संस्थापक के नेतृत्व में मानवता के क्षेत्र में किए जा रहे सेवा के लिए सराहना की। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, अनिल शुक्ला, जुबैर खान, पूनम यादव, वसीम अकरम, कुलविंदर सिंह, अरहम खान, देवानंद सिन्हा, राजकुमार साहू, प्रीति जैन, रिंकी शुक्ला प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**चूड़ी लाइन स्थित शनि मंदिर में भक्त दोष निवारण के लिए अभिषेक, ज्योति जलवाने दे रहे हैं जानकारी**

# शनिदेव की पूजा-आराधना करने जयंती पर 5 दुर्लभ योग-संयोग, ज्योति के लिए पंजीयन

> 'इस बार शनि जन्मोत्सव 27 मई को भक्तिभाव से मनाने की तैयारी है। भक्तों को कई दुर्लभ संयोग इस बार मिलने वाला है। इस दिन सूर्य-बुध की युति वृषभ राशि में होने से बुधादित्य योग बन रहा है। सुख व वैभव के कारक ग्रह शुक्र उच्च राशि मीन में होंगे। इससे मालव्य राजयोग का संयोग है। शनि जन्मोत्सव पर सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ त्रिपुष्कर राजयोग बन रहा है। इस दुर्लभ संयोग में चूड़ी लाइन स्थित प्राचीन श्री शनिदेव मंदिर में इस बार भी भक्तों का तांता लगने वाला है।'

**रायपुर।** शहर के चूड़ी लाइन स्थित 250 साल पुराने श्री शनि मंदिर में इस बार भी धूमधाम से शनि देव जन्मोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर के पुजारी पं. संतोष शर्मा ने बताया कि इस बार जन्मोत्सव पर लोगों को दिनभर में अलग-अलग 5 योग और दुर्लभ संयोग मिलने वाला है। इसके चलते लोग अभिषेक और ज्योत जलवाने के लिए पंजीयन कराने के लिए भी आने लगे हैं। मंदिर में इस बार वृहद रुप में पूजा, अनुष्ठान होंगे। शनि जयंती 27 मई को ही मनाई जाएगी। इस दिन ज्येष्ठ अमावस्या तिथि है, जो 26 मई को दोपहर 12:11 बजे शुरू होकर 27 मई को सुबह 8:31 बजे समाप्त होगी, उदया तिथि मिलने की वजह से मंगलवार को शनि जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन लोग 1501 रुपए तेल अभिषेक और 501 रुपए में दोष निवारण के लिए ज्योत जलवाने पंजीयन भी करवा रहे हैं।



### सर्वार्थ सिद्धि सहित मिलेंगे कई योग

पं. नितेश शर्मा ने बताया कि शनि जन्मोत्सव पर कई दुर्लभ योग-संयोग बन रहे हैं। इस दिन सूर्य-बुध की युति वृषभ राशि में बनने से बुधादित्य योग मिलेगा। सुख और वैभव के कारक ग्रह शुक्र उच्च राशि मीन में होंगे, इस वजह से मालव्य राजयोग का निर्माण होगा। शनि जन्मोत्सव पर सर्वार्थ सिद्धि योग, त्रिपुष्कर राजयोग बन रहा है। इस दुर्लभ संयोग में शहर चूड़ी लाइन स्थित प्राचीन श्री शनि देव मंदिर में इस बार धार्मिक अनुष्ठान का सिलसिला दिनभर चलने वाला है। इसके लिए भी भक्तों का तांता लगने वाला है। यहां वृहद पैमाने पर होने वाले पूजा-अनुष्ठान और अभिषेक के लिए लोग पहुंचते हैं।



### जन्मोत्सव पर सुबह फूलों से श्रृंगार

*पं. संतोष शर्मा ने बताया कि कई विशेष योग बन रहे हैं। इनमें सुकर्मा योग और द्विपुष्कर योग शामिल हैं। शनि जन्मोत्सव पर वट सावित्री का व्रत भी रखा जाता है, इसलिए यह दिन खास हो जाता है। शनि देव को प्रसन्न करने के लिए इस दिन पूजा-अर्चना, दान-पुण्य और कुछ विशेष उपायों को करने का विधान है। जन्मोत्सव पर सुबह फूलों से श्रृंगार के बाद सुबह 7.30 बजे मंगल आरती होगी। शाम साढे सात बजे महाआरती की जाएगी। इसमें दर्शन के लिए आने वाले शनि भक्त भी शामिल होंगे। लोगों की सुविधा के लिए पंडितों को जिम्मेदारी बांटी जाएगी।*



### बाल रूप में भगवान शनि की मूर्ति

चूड़ी लाइन स्थित शनिदेव मंदिर लगभग 250 साल पुराना है। मंदिर की देखभाल पुजारी परिवार अभी पांचवी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व कर रहा है। मंदिर में भगवान शनि के बाल रूप की मूर्ति अष्टधातु से बनी है। सिंहासन चांदी का है, इसका शनिवार को विशेष पूजा किया जाता है। इसमें सरसों के तेल से शनिदेव का अभिषेक किया जाता है। बाल रूप में भगवान शनि की मूर्ति है, जो भक्तों के लिए आस्था का केन्द्र है। यहां हर शनिवार को शनिदेव की विशेष पूजा की जाती है। इसमें सरसों के तेल से अभिषेक किया जाता है।

**आदिवासी तीज-त्योहार और संस्कृति जुड़ने का मौका**

## आकार में रजवार जनजातियों की दिनचर्या पर भित्ति चित्र तैयार



**रायपुर।** सरगुजा जिले की रजवार जनजातियों की पारंपरिक संस्कृति सीखने और करीब से जानने आकार में प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। जहां सुबह और शाम दो पालियों में जनजातियों की जीवनशैली पर आधारित चित्रों का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर तीज-त्योहार से लेकर मौसम तक आदिवासी जनजातियों की दिनचर्या को भी दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। आकार के प्रथम दिन से ही प्रतिभागी रजवार भित्ति चित्र सीखने में रुचि दिखा रहे, ताकि चित्र के माध्यम से आदिवासी संस्कृति को करीब से जानने का मौका मिल सके।

### रजवार भित्ति चित्र में आदिवासी संस्कृति का बखान

रजवार मृत्तिका शिल्प से प्रशिक्षण गुरु प्रतिमा डहरवाल ने बताया कि रजवार भित्ति चित्र की शुरुआत रजवार जनजाति से सोना बाई रजवार ने की थी। जो घर की दीवार पर चित्र के माध्यम से आदिवासी संस्कृति को दर्शाने का प्रयास करती थीं। संस्कृति विभाग के आकार प्रशिक्षण शिविर में 50 से अधिक प्रतिभागी रोजाना यह कला सीखने पहुंच रहे हैं।

### चित्र के लिए अंबिकापुर की मिट्टी

रजवार भित्ति चित्र को तैयार करने के लिए आकार में अंबिकापुर से पीली मिट्टी मंगाई गई है, जिसमें मुल्तानी मिट्टी मिलाकर आटा तैयार किया जा रहा है। प्रतिभागी गीली मिट्टी की मदद से संस्कृति एवं परंपराओं को चित्र दर्शा रहे हैं। इन दिनों प्रदर्शनी के लिए जोर-शोर से तैयारी जारी है, जहां 40 से अधिक रजवार चित्र देखने को मिलेंगे।



### प्रदर्शनी में आदिवासी धरोहर की खूबसूरती

*इस वर्ष प्रदर्शनी में आदिवासी लोकनृत्य, रजवार जनजाति लोकनृत्य, गौतम बुद्ध, ठंड के मौसम में आग जलाते हुए आदिवासी, धान बुआई, आदिवासी पूजन, संगीत वादन, आदिवासी जनजातियों की दिनचर्या के भाव से चित्र बनाए जा रहे हैं। मिट्टी सूखने के बाद उसमें रंग लगाए जाएंगे।*



## बच्चों ने जाना जैव विविधता का महत्व जलीय जीवों के प्रति दिखाई रुचि



**रायपुर।** विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर समर कैंप में भाग ले रहे विद्यार्थियों के साथ नंदनवन जंगल सफारी, नवा रायपुर में विशेष शैक्षणिक व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को जैवविविधता के महत्व, खाद्य जाल में इसकी भूमिका, तथा पर्यावरण संतुलन में जैव विविधता की अनिवार्यता के बारे में रोचक और सरल भाषा में बताया गया।कार्यक्रम के दौरान जंगल सफारी में पाए जाने वाले विविध वन्यजीवों, उनके व्यवहार, आवास और पारिस्थितिकी में उनकी भूमिकाओं पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने वन्यजीवों के संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन के महत्व को प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से समझा। विद्यार्थियों को स्टार टॉर्टल और रेड स्लाइडर कछुओं के पास ले जाकर उनकी शारीरिक संरचना, जीवन पद्धति और पारिस्थितिकी में योगदान के बारे में जानकारी दी गई। इस गतिविधि ने विद्यार्थियों में जलीय जीवों के प्रति रुचि और संवेदनशीलता को भी बढ़ाया।

### नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी

संचालन नंदन वन जंगल सफारी की शिक्षा टीम के सदस्यों चंद्रमणी साहू,उपेंद्र साहू, जावेद, संतोष यादव और सूरज साहू द्वारा किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों को जीवंत उदाहरणों व संवाद आधारित पद्धति से शिक्षित किया।इस अवसर पर नंदनवन जंगल सफारी के संचालक तेजस शेखर ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण केवल वैज्ञानिक या प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं है, यह हम सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना का बीजारोपण होता है, जो भविष्य में एक जागरूक समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

## मूल्य परंपरा, मूल संस्कृति आधारित शिक्षा पर शंकराचार्य ने दिया जोर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज और छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कालेज के 30 वें स्थापना दिवस पर विप्र पब्लिक स्कूल भवन का लोकार्पण समारोह हुआ। द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज के हाथों यह लोकार्पण हुआ। इसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका की उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, के साथ ही विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, अनुज शर्मा प्रमुख रुप से मंचस्थ रहे। इस अवसर पर स्वामी शंकराचार्य सदानंद सरस्वती महाराज ने आशीष वचन में कहा कि जैसे सोनी जेवर के रूप में बना दें ,पर उसका वास्तव में मूल्य सोने का ही होता है। वैसे ही व्यक्ति कुछ ही बन जाए पर मूल्य व्यक्तित्व ,उसके मनुष्यता की होती है।

### आदर्श नागरिक बनाने पहल की जरूरत

*युवा पीढ़ी को जीवन मूल्य, मूल परंपरा, सनातन धर्म पर आधारित शिक्षा देने की जरुरत है। जिससे वह देश समाज को देने वाला बने, देश समाज से लेने वाला नहीं। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि वर्तमान आधुनिक युग और सोशल मीडिया के दौर में जीवन मूल्य पर आधारित भारतीय शिक्षा पद्धति प्रदान करने वाले शिक्षा केंद्रो की जरूरत है। विप्र समाज का यह प्रयास इस दिशा में आगे बढ़कर करते हुए विद्यार्थियों को आदर्श नागरिक के रूप में तैयार करेगा। व्यावसायिक और पेशेवर शिक्षा के दौर में संवेदनहीनता आज एक बहुत बड़ी समस्या है।*

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH (Biology, Maths, Commerce)
Admission Enquiry
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
- Spoken English & Personality Development
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
- Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
- Monthly Seminars & Interactive Discussions
- Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary
- Creative Classrooms & Play-Based Education
- Sports, Arts & Music for Holistic Growth
- Safe & Nurturing Environment
- Interactive Events & Competitions
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION ENQUIRY
Register Now at www.rpsraipur.com
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com

Contact to Add Your School - 79871-19756

सिटी स्पोर्ट्स

## वेस्ट जोन और नार्थ जोन ने जीते अपने-अपने मैच




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर महिला एवं अंडर 23 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शुक्रवार को रोमांचक खेल का नजारा दर्शकों को देखने मिला। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन के विरुद्ध वेस्ट जोन ने 19 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट जोन 4 विकेट पर निधि सूर्यवंशी ने 126 रन, संजिता पटेल ने 47 रन नॉट आउट, कृति गुप्ता ने 21 रन और सेजल वर्मा ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की ख्वाब नागवानी, तानिया बेरिया एवं दीप्ति ढीमर ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 6 विकेट पर 107 रन बनाए। जिसमें शिवानी कृष्णा ने 30 रन, सोनाली यादव ने 21 रन और रूमा दास ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की कनिका मिश्रा ने 4 विकेट, निशा वर्मा एवं रिमी गिडियान ने एक- एक विकेट लिए।

सीनियर विमेंस अंडर 23 टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम वेस्ट जोन ने सेंट्रल जोन के विरुद्ध 7 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन की टीम ने 5 विकेट पर 112 रन बनाए। जिसमें मानश्री मौर्य ने 36 रन और मनप्रीत कौर गिल ने नॉट आउट 15 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन से संजीता पटेल, प्रिया साव, श्वेता देवांगन और कृति गुप्ता ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 3 विकेट पर 116 रन बनाए। जिसमें कृति गुप्ता ने नॉट आउट 44 रन, निधि सूर्यवंशी ने 28 रन, सेजल वर्मा ने 19 रन और संजीता पटेल ने नॉट आउट 18 रन बनाए। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की मोनिका ढीमर एवं मनस्वी निर्मलकर ने एक-एक विकेट लिए।

बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन के विरुद्ध नॉर्थ जोन ने 7 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 8 विकेट पर 112 रन बनाए। जिसमें शिवानी कृष्णा ने 42 रन और मानसी उपाध्याय ने 31 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की प्रतिज्ञा सिंह एवं दीप माला मिंज ने दो-दो विकेट लिए। किरण वर्मा ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने तीन विकेट पर 115 रन बनाए। जिसमें कल्पना पांडे ने 42 रन, हरप्रीत कौर कलसी ने 29 रन और शिवी पांडे ने नॉट आउट 24 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की दीप्ति ढीमर ने एक विकेट लिए।

## सीसीपीएल के दूसरे संस्करण का ट्रॉफी टूर आज से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) के दूसरे संस्करण का आयोजन 06 जून से 15 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जाना है। सीसीपीएल के दूसरे संस्करण की ट्राफी टूर 24 मई से प्रारंभ किया जा रहा है। उक्त ट्राफी टूर कांकेर, बिलासपुर, रायगढ, राजनांदगांव, सरगुजा तथा रायपुर के प्रमुख स्थानों में प्रदर्शित किया जायेगा। इसके पहले 21 मई को सीसीपीएल के दूसरे संस्करण की ट्रॉफी, टीम एवं जर्सी का अनावरण रायपुर में किया जा चुका है। ट्रॉफी टूर में 23 मई कांकेर, 25 मई राजनांदगांव, 28 मई बिलासपुर, 30 मई रायगढ़ और एक जून अंबिकापुर शामिल हैं।

## जिला फुटबॉल संघ बनाएगा रैफरी, आवेदन 6 जून तक



दुर्ग जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में जिले में फुटबॉल निर्णायक (रैफरी) बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 बोर्ड परीक्षा पास होना एवं न्यूनतम उम्र 15 वर्ष होना अनिवार्य है । अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा जैसे विभिन्न चरणों से गुजरना होगा। जिला फुटबॉल संघ द्वारा सभी फुटबॉल क्लब को लिंक उपलब्ध कराई गई है इस लिंक के द्वारा सभी आवेदक आवेदन कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 6 जून है। अन्य आवेदक जिला फुटबॉल संघ से भी संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं।

## नेशनल क्रिकेट एकेडमी के इंटर सीओई टूर्नामेंट हेतु महक चयनित

**रायपुर।** ऑल इंडिया जूनियर चयन समिति द्वारा नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर 19 (महिला वर्ग) इंटर सीओई टुर्नामेंट हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से महक नरवसे का चयन किया गया है। उक्त टुर्नामेंट 30 मई से 09 जून तक अहमदाबाद में आयोजित किया जायेगा। महक टुर्नामेंट में टीम डी का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके पूर्व अप्रैल में नेशनल क्रिकेट एकेडमी के एलीट कैंप में भी महक का चयन हुआ था।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताए संकेत, इनमें से चार भी हैं तो हो सकता है टीबी; तुरंत कराएं जांच

# तपेदिक का खतरा अभी पूरी तरह टला नहीं, सावधानी ही इसके बचाव का रास्ता

टीबी या तपेदिक एक संक्रामक रोग है जो मुख्यतः फेफड़ों को प्रभावित करता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने टीबी के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए 10 लक्षण बताए हैं, जिनपर ध्यान देते रहना सभी के लिए जरूरी है। अगर इनमें से कुछ हफ्तों से 3-4 लक्षण भी बने हुए हैं तो इसकी जांच जरूर कराएं।

ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) एक गंभीर संक्रामक रोग है इसके मामलों में पिछले कुछ वर्षों में उछाल देखा गया है। भारत ने इस साल (2025) तक देश से टीबी उन्मूलन या टीबी को खत्म करने का लक्ष्य बनाया था, हालांकि जिस तरह से हाल के वर्षों में मामलों में उछाल आया है इससे ये लक्ष्य काफी दूर नजर आ रहा है।

भारत ने अपने व्यापक प्रयासों से टीबी को नियंत्रित करने के प्रयास जरूर किए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक साल 2015 में प्रति एक लाख लोगों पर 237 लोगों में टीबी का पता चलता था जो 2023 में घटकर 195 रह गया है। नए मामलों में 17.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है, जो वैश्विक स्तर पर टीबी के मामलों में आ रही कमी से दोगुनी से भी अधिक है। बावजूद इसके भारत के लिए अभी से इसका उन्मूलन दूर नजर आता है।



### टीबी से मौत के मामलों में आई है कमी

स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने संसद में बताया था कि- 2015 की तुलना में 2023 में टीबी के कारण होने वाली मौतों में भी 21 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। सरकार के निरंतर प्रयासों के चलते देश में टीबी उपचार कवरेज भी 32 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। बड़ी संख्या में लोग ऐसे भी हैं जिन्हें बीमारी तो है पर उनका निदान नहीं किया गया, ऐसे लोगों का पता लगाने और उपचार प्रदान करने की दिशा में भी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। टीबी को देश से खत्म करने के लिए सभी लोगों को साथ आने का भी आह्वान किया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं इसके लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देना, समय पर निदान और इलाज करना बहुत जरूरी है।

### टीबी के इन लक्षणों को जरूर जानिए



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने टीबी के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए 10 लक्षण बताए हैं, जिनपर ध्यान देते रहना सभी के लिए जरूरी है। अगर इनमें से कुछ हफ्तों से 3-4 लक्षण भी बने हुए हैं तो इसकी जांच जरूर कराएं। समय पर टीबी की पहचान होने पर रोग के गंभीर रूप लेने का खतरा कम हो सकता है।

टीबी के लक्षणों में लगातार दो हफ्ते तक खांसी , शाम को बुखार,वजन का तजी से कम होना,थूक के साथ खून आना,रात को पसीना आना,थकान और कमजोटी महसूस होना,शरीर के किसी भी भाग में गांठ होना,सीने में दर्द हाल में हुए शारीरिक बदलाव और सांस से संबंधित क्रॉनिक बीमारी शामिल है।

स्वास्थ्य मंत्रालय कहता है, टीबी का इलाज संभव है, स्वस्थ भविष्य के लिए आज ही कदम उठाएं और लक्षणों की पहचान करके समय रहते इलाज प्राप्त करें। टीबी के बारे में अधिक जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-11-6666 पर कॉल भी कर सकते हैं।



### किन्हें टीबी का खतरा अधिक

टीबी या तपेदिक एक संक्रामक रोग है जो मुख्यतः फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन शरीर के अन्य अंगों को भी इससे नुकसान पहुंच सकता है। यह रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होता है। कई स्थितियों में देखा गया है कि रोग शरीर में मौजूद होता है लेकिन कोई लक्षण नहीं दिखते। यह स्थिति वर्षों तक बनी रह सकती है और प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होने पर सक्रिय रूप ले सकती है। डॉक्टर बताते हैं, कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र वाले लोग जैसे एचआईवी/एड्स, कुपोषण, डायबिटीज, कैंसर जैसी बीमारियों के शिकार लोगों को टीबी होने का खतरा अधिक होता है।

## राजनांदगांव और प्लेट कंबाइंड की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार को तीसरे दिन के मुकाबले हुए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम बीएसपी के विरुद्ध राजनांदगांव ने 94 रन से जीत हासिल की और छह अंक किए। बल्लेबाजी में बीएसपी की टीम दूसरी पारी में दो विकेट पर 35 रन से आगे खेलते हुए 98 रन पर आउट हो गई। जिसमें ईशान झा ने 23 रन, अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने 19 रन और तुषय प्रजापति ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी में राजनांदगांव के अर्श वीर सिंह भाटिया ने 5 विकेट लिए।

- अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में तीसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

धमतरी में टीम प्लेट कंबाइंड ने रायपुर के विरुद्ध 10 विकेट से जीत हासिल की और 7 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड की टीम दूसरी पारी में 126 रन पर आउट हो गई। जिसमें श्लोक प्रधान एवं यश यदू ने 17-17 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर के मोहम्मद सैफ खान ने चार विकेट लिए। बल्लेबाजी में रायपुर की टीम दूसरी पारी में 54 रन पर आउट हो गई। जिसमें वासु राव ने 17 रन और आर्यन अग्रवाल ने 13 रन नबाए। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के गणेश नागवानी ने 5 विकेट, यश यदू ने 3 विकेट और तन्मय वरडाने ने 2 विकेट लिए। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने दूसरी पारी बिना कोई विकेट खोए 15 रन बनाए। जिसमें अनिकेत कुजुर् ने नाट आउट 10 रन और सौमिक देव झा ने नॉट आउट 5 रन बनाए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 भिलाई में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन विरुद्ध रायपुर ब्लू की टीम पहली पारी में तीन विकेट पर 7 रन से आगे खेलते हुए 83 रन पर आउट हो गई। मोहम्मद अजान आलम ने 39 रन और अरहम नाहर ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के यथार्थ सिंह चौहान ने पांच विकेट परमित सिंह ढल्ला ने 3 विकेट और सोहम सिंह ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 13 रन बनाए।

## ज्यादा बटर खाना कहीं सेहत पर पड़ न जाए भारी



अच्छे गुणवत्ता वाले बटर का सीमित मात्रा में सेवन करना सेहत के लिए लाभप्रद माना जाता है। हड्डियों और थायरॉइड के लिए इसके कई प्रकार के लाभ हैं, पर इसका अधिक मात्रा में सेवन शरीर को कई तरह से नुकसान भी पहुंचा सकती है। अक्सर फूड-ब्लॉगिंग में आपने सामान्य से खाने में भर-भर के बटर का इस्तेमाल होते हुए देखा होगा, यह देखने में तो निश्चित ही काफी गजब लगता है, पर असल में ज्यादा बटर सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। मक्खन, भले ही डेयरी उत्पाद है लेकिन इसमें फैट की मात्रा बहुत अधिक होती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, मक्खन में उच्च मात्रा में संतृप्त वसा की मात्रा होती है, जिसका अधिक सेवन रक्तचाप और हृदय से संबंधित कई तरह की समस्याओं का कारण बनती है। बहुत अधिक मक्खन खाने का सबसे हानिकारक प्रभाव वजन बढ़ाने और मोटापा का कारण बन सकता है। आइए इससे होने वाले संभावित दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### बैड कोलेस्ट्रॉल और हार्ट की समस्या

यदि आप ज्यादा मक्खन खाते हैं तो इससे बैड कोलेस्ट्रॉल का खतरा बढ़ जाता है। एक बड़े चम्मच बटर में लगभग सात ग्राम तक संतृप्त वसा की मात्रा होती है जिससे कोलेस्ट्रॉल का जोखिम रहता है।




## एसी ने बढ़ा दिया है बिजली का बिल? फटाफट लगवा लें स्मार्ट गैजेट्स

क्या एसी ज्यादा चलाने की वजह से आपका भी बिजली का बिल बढ़ता जा रहा है। ऐसे में आप बिजली की खपत को कम करने के लिए ऐसी के साथ 4 स्मार्ट गैजेट्स लगवा सकते हैं। इससे बिल कम हो सकता है। आइए जानें, एसी की वजह से बिल ज्यादा आए, तो क्या करें?

गर्मियां चरम पर हैं। पंखे और कूलर से भी गुजारा करना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में लोग घरों में एसी लगवा रहे हैं। एसी लगवाना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन इसका बिजली बिल भरना काफी मुश्किल हो जाता है। एसी ज्यादा चलाने से बिल बढ़ता है और घर का बजट तक बिगड़ जाता है। अक्सर लोग बिल देखकर ही पसीना-पसीना हो जाते हैं।

अगर बिजली का बिल बढ़ जाए, तो एसी चलाते हुए भी डर लगने लगता है। अगर आपका भी एसी घंटों तक चलता है और एयर कंडीशनर की वजह से आपके बिजली का बिल बढ़ रहा है, तो आपको अपने घर में एसी के साथ 4 स्मार्ट गैजेट्स लगवाने चाहिए। इससे आपके बिजली के बिल में कमी आ सकती है। आइए जानें, एसी से आने वाले बिल को कैसे कंट्रोल करें?

### स्टेबलाइजर लगवाएं



एसी चलाते हुए स्टेबलाइज जरूर लगवाएं। इससे एसी की लाइफ बढ़ेगी, साथ ही आपके बिजली का बिल भी कम होगा। भारत में बहुत-सी जगहों पर बिजली की सप्लाई ऊपर-नीचे होती रहती है। ऐसे में एसी के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। वोलटेज के असर से एसी के कम्प्रेसर पर लोड पड़ता है। इससे बिजली का बिल बढ़ जाता है। ऐसे में स्टेबलाइजर जरूर लगवाएं।

### स्मार्ट प्लग

बहुत से घरों में अभी भी पुराने वाले एसी लगे हैं। इन्हें अगर रातभर चलाया जाए, तो बिजली का बिल सीधे आसमान छूने लगते है। ऐसे में आप स्मार्ट प्लग का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस प्लग की मदद से आप अलग-अलग टाइमर सेट कर सकते हैं। इससे एसी पूरी रात नहीं चलेगा, बल्कि अपने फिक्स टाइम पर ऑन ऑफ होगा।

सोलर पैनल लगाएं

एसी के बिजली बिल को कम करने के लिए आप सोलर पैनल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। ये वन टाइम इनवेस्टमेंट है। एक बार इसे लगाने पर आप 20 से 25 सालों तक इसका फायदा उठा सकते हैं। इसकी मदद से आप घर के कई इलेक्ट्रिक उपकरणों को बिना बिजली बिल बढ़ाए यूज कर सकते हैं।

### स्मार्ट थर्मोस्टैट या रूम टेंपरेचर कंट्रोलर

अक्सर एयर कंडीशनर का इन-बिल्ट थर्मोस्टैट बहुत अच्छी क्वालिटी का नहीं होता। ऐसे में आप स्मार्ट थर्मोस्टैट या रूम टेंपरेचर कंट्रोलर लगवा सकते हैं। इससे एसी वाले कमरे का तापमान खुद कंट्रोल होगा। इसे आपको बेवजह एसी नहीं चलाना होगा और इस तरह से आप बिजली की खपत को कम कर सकते हैं।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

इलेक्ट्रिक स्कूटी
KOMAKI ELECTRIC VEHICLE DIVISION
अधिकृत विक्रेता
मेसर्स यज्ञ आटो कॉम्पोनेंट
8 रु. में 80 कि.मी.
प्रो. रंजन कुमार, मो. 8839612900
Ganpati Vihar, Near Car Wash, Kushalpur Chowk, Ring Road No. 1. Raipur (C.G.)

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

दुकान एक कुलर अनेक
कूलर हाउस
Sunday Open
रूम-विन्डो हॉल, डक्टिंग, इण्डस्ट्रीयल कूलर
रूम ठंडा करने की गांरटी फीटिंग के साथ
75 नये माडलों के साथ विशाल शो-रूम
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रुई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

